दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 258 जयपुर, मंगलवार, 27 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### थाना अधिकारी को 8 लाख की रिश्वत लेते दबोचा



**जयपुर।** प्रतापगढ़ में एसीबी ने सोमवार को थानाधिकारी को 8 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। कार्रवाई में एक दलाल को भी पकड़ा है। एसीबी के अनुसार अरनोद थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी और दलाल कांतिलाल प्रजापत उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी द्वारा परिवादी से एनडीपीएस के मामले में नहीं फंसाने की एवज में उसके दलाल गुड्डू लाल के माध्यम से 8 लाख रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। सत्यापर करने के बाद यह ट्रैप कार्रवाई अंजाम दी गई।

### बांग्लादेश: अपने दो राजनयिकों को किया बर्खास्त



**नई दिल्ली।** मोहम्मद युनूस के बांग्लादेश सरकार के प्रमुख सलाहकार बनते ही भारत के खिलाफ उनकी विरोधी मानसिकता सामने आ गई थी। अब उन्होंने भारत में बांग्लादेश के 2 राजनयिकों को पद से बर्खास्त कर दिया गया है। अभी इन राजनयिकों का कार्यकाल खत्म भी नहीं हुआ था। नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में प्रथम सचिव (प्रेस) के पद पर कार्यरत शबन महमूद को अपने कार्यकाल के खत्म होने से पहले ही इस्तीफा देने को कहा गया है। इसी तरह कोलकाता में बांग्लादेशी वाणिज्य दूतावास में इसी पद पर तैनात रंजन सेन को भी बर्खास्त कर दिया गया है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।





**बेधड़क. जयपुर।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सच बेधड़क न्यूज चैनल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ीं मनमोहक वाले गानों प्रस्तुतियां दीं। हाथ में बांसुरी, सिर पर मोरपंखी के साथ ही पीले वस्त्र में कान्हा को सजाया गया। सिंगर ऋषिकेश सिखवाल के मन मोहने वाले को देख सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा भी रह नहीं पाए और बेहद ही खूबसूरत गानों से कार्यक्रम को भव्य बना दिया। कार्यक्रम में मैनेजिंग एडिटर दशरथ सिंह भी मौजूद रहे। टीम में शामिल रोमन भाटी, असफाक, शंकर, फरीद ने भी ताल से ताल और सुर से सुर मिलाकर समारोह में चार चांद लगाने में कसर नहीं छोड़ी। अर्द्ध रात्रि में श्रीकृष्ण के जन्म के जन्म के बाद सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा प्रभु की आरती करते हुए। (पेज 03 भी देखें)




**जयपुर।** जयपुर के मंदिरों में रात 12 बजे धूमधाम के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। शहर के आराध्य श्री राधा गोविंददेवजी मंदिर में 21 तोपों की सलामी के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्म के बाद गोविंददेवजी मंदिर में किया गया कृष्णलला का अभिषेक।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बड़ी घोषणा...

# मथुरा से उज्जैन तक बनेगा श्रीकृष्ण गमन पथ... चिह्नित कर लिए स्थान

■ 525 किमी. का धार्मिक सर्किट उज्जैन से झालावाड़, भरतपुर होते हुए मथुरा तक होगा कनेक्ट ■ राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार मिलकर बनाएगी ये धार्मिक सर्किट

**बेधड़क** | जयपुर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ी घोषणा करते हुए राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच मध्य श्रीकृष्ण गमन पथ बनाने की बात कही है। ये धार्मिक सर्किट भगवान कृष्ण की जन्म स्थली मथुरा से लेकर उनकी शिक्षा स्थली उज्जैन तक बनेगा। मुख्यमंत्री ने इसको लेकर कहा कि इसके लिए स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। जल्द ही प्रदेश सरकार व मध्यप्रदेश सरकार इसको लेकर काम शुरु करेगी। राजस्थान व मध्यप्रदेश को जोड़ने वाले श्रीकृष्ण गमन पथ की कुल दूरी 525 किलोमीटर होगी। श्रीकृष्ण गमन पथ का कनेक्ट उज्जैन से झालावाड़, भरतपुर होते हुए मथुरा तक होगा। शर्मा ने कहा कि भगवान कृष्ण के गमन पथ को जल्दी ही तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा।



### प्रदेश की उन्नति एवं खुशहाली की कामना

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर डीग के पूंछरी का लौठा स्थित मुखारविंद मंदिर में सपत्नीक अभिषेक किया और श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। शर्मा ने श्रीनाथजी के मंदिर में फल-फूल अर्पित कर श्री कृष्ण की आरती की तथा प्रदेश की 8 करोड़ जनता की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदर्शनधारी श्री कृष्ण भगवान ने भगवतगीता के माध्यम से पूरी दुनिया को कर्म एवं धर्म का संदेश दिया है। उनका संदेश पूरी मानव जाति के लिए अमूल्य धरोहर है।

### जानापाव में परशुराम ने श्रीकृष्ण को दिया था सुदर्शन चक्र



पौणाणिक कथनों के अनुसार मध्यप्रदेश के उज्जैन के सांदीपनि में भगवान कृष्ण ने शिक्षा हासिल की थी। जानापाव (एमपी) में भगवान परशुराम ने उन्हें सुदर्शन चक्र दिया। धार के पास अमझेरा में भगवान का रुक्मिणी हरण को लेकर युद्ध हुआ। ऐसे स्थलों को सरकार पर्यटन स्थल बनाने जा रही है। माना जा रहा है कि श्रीकृष्ण गमन पथ में राजस्थान के भरतपुर जिले का कुछ हिस्सा भी शामिल होगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण मथुरा से भरतपुर, कोटा, झालावाड़ के रास्ते छोटे-छोटे गांवों से होते हुए उज्जैन पहुंचे थे। हमने उनकी राह में पड़ने स्थानों को चिह्नित कर लिया है। उन सभी धार्मिक स्थानों को एमपी और राजस्थान सरकार जोड़ेगी।

### मध्यप्रदेश से जुड़े हैं श्रीकृष्ण के चार तीर्थ स्थल

सांदीपनि आश्रम के मुताबिक श्रीकृष्ण 11 साल की उम्र में उज्जैन पहुंचे थे। वे उज्जैन में 64 दिनों तक ही रहे। इन 64 दिनों में उन्होंने 64 विद्याएं सीखी। इन 64 दिनों में उन्होंने 16 दिन में 16 कलाएं, 4 दिन में 4 वेद, 6 दिन में 6 शास्त्र, 18 दिन में 18 पुराण, 20 दिन में गीता का ज्ञान प्राप्त किया था।

### उज्जैन पहुंचे सीएम, किए बाबा महाकाल के दर्शन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित बाबा महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां सीएम शर्मा ने अपनी पत्नी के साथ गर्भगृह में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी भी मौजूद रही। इस अवसर पर उनका स्वागत उज्जैन नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने किया। इस दौरान केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पत्नी सीमा यादव भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उज्जैन स्थित संदीपनी आश्रम में भी दर्शन किए। इस दौरान कई साधू संतों ने सीएम को आशीर्वाद भी दिया।

## पटरियों पर सीमेंट कंकरीट ब्लॉक रखने का मामला

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- सख्त कार्रवाई हो

### बताया मोदी सरकार की छवि धूमिल करने का कर रहे हैं प्रयास





**बेधड़क** | जयपुर

राज्यसभा सांसद एवं राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भारत की स्पीड ट्रेन वंदे भारत को बेपटरी कर हादसे को अंजाम देने के प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राठौड़ ने जोधपुर और अजमेर रेल मंडल के आला अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर जांच की जाए।

वहीं रेलवे पटरियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। राठौड़ ने कहा कि देश में कुछ ऐसे असामाजिक तत्व हैं, जो राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की छवि को धूमिल करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। इतना ही नहीं, इन असामाजिक तत्वों द्वारा जानमाल की हानि का भी प्रयास किया गया, लेकिन रेलवे के सजग कर्मचारियों की बदौलत बड़ा हादसा टल गया। ऐसे में इन कर्मचारियों की सजगता पर राठौड़ ने प्रशंसा करते हुए रेलवे विभाग द्वारा सम्मानित करवाने की भी सिफारिश की, वहीं दूसरी ओर रेलवे ट्रैक की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले कार्मिकों की लापरवाही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी कहा।

राठौड़ ने कहा कि गत सप्ताह पाली के सुमेरपुर जवाई बांध रेलवे स्टेशन के नजदीक अहमदाबाद से आने वाली वंदे भारत ट्रेन के समय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रेलवे लाइन पर सीमेंट कंकरीट के ब्लॉक रख बड़े हादसे की साजिश रची थी।

वंदे भारत ट्रेन के आने पर इंजन इससे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस संबंध में रेलवे अधिकारियों द्वारा मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

## हाल-ए-मौसम

# जयपुर में शाम 6 बजे शुरू हुई झमाझम, रुक-रुक के देर रात तक चली

- पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश, पीपलखूंट (प्रतापगढ़) में 260.0 एमएम दर्ज
- बीसलपुर बांध का जलस्तर 313.75 आरएल पहुंचा
- बांसवाडा में 9 साल के बच्चे की मौत, जयपुर में गिरा जर्जर भवन, एक की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में बने कम दबाव के क्षेत्र के असर से सोमवार को जोधपुर और उदयपुर संभाग एरिया में तेज बारिश हुई। राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अजमेर, भीलवाड़ा और पाली जिले में तेज बारिश हुई। इधर, राजधानी जयपुर में शाम 6 बजे से शुरु हुआ बारिश का दौर देर रात तक चला। यहां सड़कें लबालब हो गई तथा मुख्य मार्गों पर लंबा जाम देखा गया। इसके अलावा प्रदेश के भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी बारिश हुई।

### प्रदेश में कई जगह जमकर बारिश

पिछले 24 घंटों में राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अजमेर, भीलवाड़ा और पाली जिले में कहीं कहीं भारी वर्षा, बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिले में भारी से अति भारी वर्षा के अलावा प्रतापगढ़ जिले में भारी से अत्यंत भारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश पीपलखूंट (प्रतापगढ़) में 260.0 एमएम और पश्चिमी राजस्थान के जैतारण, पाली में 70 एमएम बारिश दर्ज की गई है।




### वर्षाजनित हादसों में गई तीन जानें

बांसवाड़ा में लोहारिया इलाके में सोमवार सुबह भारी बारिश के बीच दादी-पोते के ऊपर घर की दीवार गिर गई। डॉक्टरों ने 4 साल के पोते को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार गंगापुर सिटी के कुनकटा कलां गांव में बिजली गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। दूसरी ओर, जयपुर के चांदपोल बाजार, तोपखाना रास्ते में रविवार रात करीब ढाई बजे जर्जर मकान गिर गया। इसके मलबे में दबकर युवक की मौत हो गई।

### 70 प्रतिशत से ज्यादा भर चुका है बांध

लगातार बारिश के चलते बीसलपुर बांध में बीते 12 घंटे में 16 सेंटीमीटर पानी आया है और बांध 70 प्रतिशत से ज्यादा भर चुका है। फिलहाल बांध का जलस्तर 313.85 आरएल मीटर के पार जा चुका है, यानी बांध में पिछले साल जितना पानी तो आ ही गया है। बीसलपुर बांध में 25 अगस्त की रात को दस बजे 313.59 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया, जो 26 अगस्त को सुबह 8 बजे 313.85 मीटर हो गया। यानी 12 घंटे में बांध में 16 सेंटीमीटर पानी आ गया। बांध में बनास, मेनाली और कोठारी नदियों के जरिए पानी की आवक बनी हुई है। इन तीनों नदियों के त्रिवेणी पर साढ़े चार मीटर की चादर चल रही है। बीसलपुर बांध की भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर है।

**अब आगे क्या...?** मौसम विभाग के मुताबिक उदयपुर और जोधपुर संभाग के दक्षिणी भागों में 27 अगस्त को भी तेज हवाओं के साथ भारी और कहीं-कहीं अति भारी बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती है। 28 अगस्त को दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी बारिश होने और शेष अधिकांश भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होने की प्रबल संभावना है।

### लोहागढ़ विकास परिषद द्वारा आयोजित बाल-गोपाल माखन चोर, महारास कार्यक्रम में बोले गृह राज्य मंत्री...

# सृष्टि के संरक्षण के लिए ब्रज संस्कृति का संरक्षण आवश्यक: बेढम

बेधड़क | जयपुर

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम और विधायक गोपाल शर्मा ने प्रकृति और सृष्टि को बनाए रखने के लिए ब्रज संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन को सर्वोपरि महत्व देने पर बल दिया है। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर लोहागढ़ विकास परिषद की ओर से सरस डेयरी के सहयोग से राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा के प्रेक्षागृह में आयोजित बाल- गोपाल माखन चोर, महारास कार्यक्रम में संबोधित करते हुए बेढम ने कहा कि ब्रजभूमि और भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ास्थली के दर्शन और ब्रजरज को अपने



मस्तक पर धारण करने मात्र से मानव भवसागर को पार कर लेता है। उन्होंने कहा कि विधायक निर्वाचित होने के बाद उन्होंने ब्रज विकास बोर्ड की मांग उठाई। भजनलाल शर्मा ने ब्रज क्षेत्रीय विकास योजना लागू कर 50 करोड़ का प्रावधान



कर दिया है। उन्होंने राजधानी में ब्रज संस्कृति से रूबरू कराने के लिए आयोजित इस आयोजन के लिए लोहागढ़ विकास परिषद और उसके कार्यकर्ताओं को बधाई दी ।

### 'यदि प्रेम नहीं रहेगा तो सृष्टि भी नहीं रहेगी कायम'

इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक, गोपाल शर्मा ने कहा कि ब्रज संस्कृति भारत की संस्कृति और सृष्टि के मध्य पुल का काम करती है, ब्रज जीव जगत में प्रेम की भावना जागृत करता है। यदि प्रेम नहीं रहेगा तो सृष्टि भी कायम नहीं रहेगी। श्रीराधा कृष्ण इस प्रेम के प्रतीक हैं। संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा ने अपना अध्यक्षीय संबोधन दिया। सचिव डॉ. प्रदीप चतुर्वेदी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक संस्था के कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बाल-गोपाल और कृष्ण लीला कार्यक्रम की प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए ।

**ये रहे विजेता**

बाल-गोपाल माखनचोर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हितिका वैष्णव, द्वितीय स्थान जक्ष गोयल , तृतीय स्थान खियांश जैन और सांत्वना पुरस्कार के रूप में वर्तिका गुप्ता को चुना गया। इसी तरह चार संस्थाओं की कृष्ण लीला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आईपीएस कैंब्रियन एकेडमी, जगतपुरा, द्वितीय स्थान पोदार इंटरनेशनल कॉलेज जयपुर, तृतीय स्थान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, मालवीय नगर और सांत्वना पुरस्कार के रूप में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांतली, सांगानेर,जयपुर को चुना गया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**जरूरी खबर**

### सिक्किम के राज्यपाल ने पूछी कटारिया से कुशलक्षेम



**जयपुर।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने अपने दो दिवसीय उदयपुर प्रवास के दौरान सोमवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से भेंटकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। माथुर ने सोमवार को कटारिया के निवास पर पहुंच कर मुलाकात की और गत दिनों उनके अस्वस्थ होने का समाचार मिलने पर उनकी कुशलक्षेम जानी । इस दौरान कटारिया ने भी माथुर का स्वागत किया और कई विषयों पर चर्चा भी की।

### बीजेपी नेता सुंदरलाल काका एसएमएस में भर्ती

**जयपुर।** सात बार विधायक रह चुके सीनियर राजनेता सुंदरलाल 'काका' को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। सांस में तकलीफ और अन्य समस्याओं के चलते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। एसएमएस हॉस्पिटल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि उन्हें पहले से कई बीमारी के चलते के साथ सांस में तकलीफ की शिकायत थी। अब उनकी तबीयत में थोड़ा-थोड़ा सुधार हो रहा है। काका एससी आयोग के चेयरमैन भी रह चुके हैं। शेखावाटी अंचल के बड़े राजनेताओं में उनका नाम आता है। बढ़ती उम्र और गिरता स्वास्थ्य को देखते हुए उन्होंने 2023 में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था।

### राज्यपाल ने कन्या छात्रावास की बालिकाओं से किया संवाद

# खूब पढ़ें और निरंतर जीवन में आगे बढ़ें: बागडे





### जनजातीय वर्ग का कल्याण हम सबकी सर्वोच्च प्राथमिकता

बेधड़क | जयपुर / जोधपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जोधपुर में सोमवार को जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय जनजाति आश्रम कन्या छात्रावास की बालिकाओं से संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें खूब पढ़ने और निरंतर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं से उनकी शिक्षा, उपलब्ध सुविधाओं और शिक्षा बाद निर्धारित लक्ष्य के बारे में जाना। उन्होंने आत्मविश्वास रखते बालिकाओं को हर क्षेत्र में अपने को साबित करने का आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनजातीय वर्ग का कल्याण हम सबकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।

बालिकाओं को विकास के लिए हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाए। इससे पहले उन्होंने राजकीय जनजाति आश्रम कन्या छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।



### राज्यपाल ने मेहरानगढ़ के स्थापत्य और शिल्प सौंदर्य को निहारा

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार को जोधपुर प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध मेहरानगढ़ दुर्ग पहुंचे। उन्होंने मेहरानगढ़ के स्थापत्य और शिल्प सौंदर्य की सराहना की। वहां पहुंचने पर उनका केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देस... की धुन के साथ स्वागत किया गया। मेहरानगढ़ से उन्होंने जोधपुर के विहंगम दृश्य को निहारा और वहां के संग्रहालय को भी देखा। उन्होंने दुर्ग के सौंदर्य को अनुपम बताते हुए कहा कि इतिहास की यह महती सौगात है।

### राज्यपाल ने जन्माष्टमी पर की श्री कृष्ण की पूजा अर्चना... गायों को खिलाया चारा

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को जन्माष्टमी के अवसर पर जोधपुर स्थित श्री कन्हैया गोशाला पहुंचकर वहां भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने बाद में गोशाला में गाय का पूजन कर नन्हे बछड़े का दुलार भी किया। उन्होंने गायों को हरा चारा भी खिलाया। गोशाला का अवलोकन करते हुए उन्होंने गो धन संरक्षण के साथ गो उत्पादों के प्रभावी विपणन की रणनीति पर कार्य करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कन्हैया गोशाला की व्यवस्थाओं, प्रबंधन और गो धन संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने जोधपुर में डेयरी संयंत्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान डेयरी के विभिन्न उत्पादों, दूध वितरण व्यवस्था और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए पशुपालकों को सभी स्तरों पर लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया।





## दही हांडी एवं बाल गोपाल प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

बेधड़क | जयपुर

जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी जयपुर में दही हांडी एवं बाल गोपाल प्रतियोगिताओं की धूम मची रही। बाल गोपाल प्रतियोगिता में बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में आए। बच्चों ने नृत्य नाटिका में कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। साथ ही गोपियों के प्रति उनके शाश्वत प्रेम को दर्शाया।

इस अवसर पर बच्चों ने हांडी मेकिंग, कालिया नाग मर्दन, माखन चोरी लीला आदि की झांकियां सजाई। गोकुलम 2024 महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, आरएसएस



के प्रचारक निम्बाराम, सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा, विधायक हेमंत मीणा, पूर्व विधायक रामचंद्र बोहरा, राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा और विधायक गोपाल शर्मा रहे। इस मौके पर अथितियों को माला पहनाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

## बीकानेर के शाही ट्रस्ट के खाते पर हाई कोर्ट की रोक

**जयपुर।** बीकानेर के पूर्व राजपरिवार का विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। हाई कोर्ट ने करणी चैरिटेबल फंड ट्रस्ट के बैंक खाते पर रोक लगा दी है। अब ट्रस्ट की दैनिक जरूरतों के लिए खाते से हर महीने 50 हजार रुपए ही निकाले जा सकेंगे। हाई कोर्ट ने ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया कि नए ट्रस्टी अपील का फैसला होने तक ट्रस्ट की संपत्ति को खुर्द-बुर्द (बेच) नहीं कर सकेंगे। न ही किसी अन्य का अधिकार सृजित कर सकेंगे। ट्रस्ट करणी चैरिटेबल फंड ट्रस्ट में बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी के अलावा उनकी दो बुआ राज्यश्री कुमारी और मधुलिका कुमारी ट्रस्टी के रूप में थीं। इसके अलावा राजपरिवार से जुड़े हनुवंत सिंह अध्यक्ष थे। नवंबर 2023 में सिद्धि कुमारी स्वयं इस ट्रस्ट में अध्यक्ष बन गई थीं और चार ट्रस्टियों को बदल दिया था।

### ज्यूरिख में राजस्थानी प्रवासियों को कर्नल राज्यवर्धन ने किया संबोधित, कहा...

# प्रदेश में एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली के लिए सरकार प्रतिबद्ध

बेधड़क | जयपुर

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में राजस्थानी प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने स्टार्टएप के इनक्यूबेशन, बुनियादी ढांचे के विकास, औद्योगिक भूमि आवंटन में सुधार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रबंधन सहित प्रमुख नीतियों पर विस्तार से बताया।

ज्यूरिख में भारतीय प्रवासियों के संगठन मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उद्योग, वाणिज्य, आईटी, कौशल और उद्यमिता विकास के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार की सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्टार्टएप के इनक्यूबेशन, बुनियादी ढांचे के विकास, औद्योगिक भूमि आवंटन में सुधार, प्रबंधन, हस्तांतरण और व्यापार करने में आसानी में सुधार सहित प्रमुख नीतियों पर विस्तार से बताया। इसका उद्देश्य राजस्थान में परिचालन लागत को कम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में वास्तविक अर्थों में इसे



तेज करने के लिए एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है।

रेल और सड़क अवसंरचना विकास के बारे में बात करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया गया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर राज्य से होकर गुजर रहे हैं जिससे निश्चित रूप से राज्य के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इन दो परिवहन परियोजनाओं के पूरी तरह से चालू हो जाने के बाद दिल्ली और मुंबई के बीच दूरी काफी कम हो जाएगी। इससे निश्चित रूप से राज्य के उत्पादों की लागत कम होगी।

राठौड़ ने प्रवासी भारतीयों से भारत में अवसरों पर विचार करने के लिए संभावित निवेशकों को प्रभावित करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने गृह राज्य में निवेश को वापस आकर्षित करने में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों की भागीदारी के माध्यम से राजस्थान में सहयोग को बढ़ावा देना और आर्थिक विकास का समर्थन करना है।

### सलूंबर के नए एसपी यादव ने संभाला जिम्मा



**जयपुर।** सलूंबर जिला बनने के बाद दूसरे जिला पुलिस अधीक्षक के रूप में राजेश यादव ने सोमवार को जॉइन किया। नए एसपी यादव ने बताया कि बढ़ते अपराध और साइबर क्राइम को रोकना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा यहां होने वाले उप चुनाव भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना अहम जिम्मेदारी रहेगी। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को कम किया जाएगा।

जरूरी खबर

## हेड कॉन्स्टेबल की पत्नी ने दी आत्मदाह की चेतावनी



**जयपुर।** भांकरोटा थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल बाबूलाल बैरवा के आत्महत्या प्रकरण में अब उनकी पत्नी मीना देवी ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। मीना देवी अन्य परिजनों के साथ पिछले 5 दिन से एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठी है। सोमवार को उन्होंने धरना स्थल पर ऐलान किया कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वह धरना स्थल पर ही आत्मदाह करेंगी। सोमवार को धरना स्थल पर सांसद व आरएलपी के संयोजक हनुमान बेनीवाल भी पहुंचे। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि सरकार संवेदनहीन है। सरकार इस वर्ग का शोषण करना चाहती है। बीजेपी की राजस्थान और दिल्ली की सरकार एससी-एसटी वर्ग को दूसरे नजरिए से देखती है।

## 3 वाहन भिड़े, ट्रक में जिंदा जले ड्राइवर-क्लीनर

**जयपुर।** अजमेर रोड पर सोमवार सुबह तीन वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। भिड़ंत के बाद एक ट्रक में आग लग गई और उसमें सवार ड्राइवर-क्लीनर जिंदा जल गए। वहीं एक दूध का टैंकर पुलिया पर लटक गया। जानकारी के मुताबिक यह एक्सीडेंट सुबह 5 बजे बगरू पुलिया पर हुआ था। सूचना मिलते ही दमकल और बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। आग बुझाने का काम शुरू किया। दुर्घटना में ट्रेलर और दूध टैंकर के ड्राइवर भी घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची दमकल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे बगरू थाने के डीओ उदयसिंह ने बताया कि हादसे में ट्रक के केबिन में आग लग गई। केबिन में बैठे ड्राइवर-क्लीनर और दस्तावेज भी पूरी तरह जल गए। मालिक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## जयपुरवासियों ने नंदलाल के स्वागत में बिछाए पलक पावड़े, घरों मंदिरों में दिनभर उत्सवी माहौल

■ राजधानी के सभी मंदिरों में किया गया जन्माभिषेक

# आधी रात जन्मे कन्हाई

# गोविंद दरबार में 31 तोपों की सलामी




**बेधड़क** | जयपुर

छोटी काशी जयपुर में सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई गई। सबह से ही कान्हा के स्वागत में पलक पावड़े बिछाए भक्त मंदिरों में पहुंच गए। दिनभर घरों से लेकर मंदिरों तक उत्सवी माहौल रहा। रात के जैसे ही बारह बजे कृष्ण का जन्म हुआ गोविंददेवजी मंदिर सहित शहर के सभी वैष्णव मंदिरों में जन्माभिषेक किया गया।

गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन गोस्वामी के सान्निध्य में रात्रि 12 से 12:30 बजे तक तिथि पूजन और ठाकुरजी का वेद मंत्रों के साथ 425 लीटर दूध, 365 लीटर दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा व 11 किलो शहद से जन्माभिषेक किया जाएगा। ठाकुरजी को पंजीरी लड्डू, खीरसा व रबड़ी का विशेष भोग अर्पण किया गया। जन्माभिषेक के समय 31 तोपों से हवाई गर्जना एवं आतिशबाजी की गई।

गोविन्ददेवजी मंदिर में मंगला आरती से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर पीली पोशाक व विशेष अलंकार धारण करवाएं गए और फूलों से श्रृंगार कर झांकी सजाई गई। कनक बाग स्थित श्रीराधा माधव मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी मंदिर, जगतपुरा रोड के कृष्ण बलराम मंदिर, धौलाई स्थित इस्कॉन मंदिर, वैशाली नगर स्थित अक्षरधाम मंदिर में भी कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।



### श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर

यहां पर सुबह की मंगला आरती के साथ ही मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत हुई जो मध्यरात्री को नंदलाला के महाभिषेक और महाआरती के साथ संपन्न हुआ। मंदिर अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि भगवान को सुनहरी रेशम की पौशाक धारण कराई गई। श्रृंगार के लिए दक्षिण भारत और बैंगलुरु से विशेष प्रकार के चमेली, जूही, कमल, मोगरा और गेंदा के फूल मंगाए गए थे। मध्यरात्री 12 बजे यशोदानंदन का अभिषेक किया गया।



### प्रेमभाया (राधाकृष्ण) मंदिर

श्री खोले के हनुमान मंदिर में श्री नरवर आश्रम सेवा समिति द्वारा प्रेमभाया (राधाकृष्ण) मंदिर में जन्मोत्सव मनाया। रात्रि 10 बजे से राधाकृष्ण भगवान के पंचामृत, गंगाजल से स्नान कराकर चंदन का लेप किया। दुग्ध से पुन: स्नान कराकर नवीनतम पोषाक धारण कराई। इस दौरान सायंकाल 8 बजे से भक्ति संगीत व प्रेमभाया के पदों को गायन किया गया। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण भगवान का जन्म के बाद माखन मिश्री व छप्पन भोग लगाया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि मंदिर को मौंगरे व फूलों से सजाया व रंग बिरंगी रोशनी से सुशोभित किया गया। रात्रि में श्री कृष्ण भगवान की आरती की गई व सैंकड़ों भक्तों ने श्री राधाकृष्ण के दर्शन कर लाभ प्राप्त कर प्रसादी ग्रहण की।




## आज निकलेगी शोभा यात्रा, बदलेगा ट्रैफिक

जयपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर मंगलवार शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके चलते जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शोभा यात्रा गोविंद देव जी मंदिर प्रांगण से रवाना होकर जलेबी चौक- बान्दरवाल गेट- बडी चौपड़- जौहरी बाजार- सांगानेरी गेट- बापू बाजार- न्यूगेट चौराहा- चौडा रास्ता- त्रिपोलिया गेट- छोटी चौपड- चांदपोल बाजार- बगरू वालो का रास्ते से होकर श्री गोपीनाथ जी के मन्दिर पहुंचेगी। मंगलवार शाम चार बजे से घाटगेट चौराहा, बड़ी चौपड़, रामगढ़ मोड़, सांगानेरी गेट, अजमेरी गेट, संजय सर्किल व गलतागेट से टैम्पो, मिनी/सिटी बसें व अन्य मध्यम श्रेणी के वाहनों का परकोटे में प्रवेश निषेध रहेगा। सांगानेरी गेट से बड़ी चौपड़ होकर जाने वाली मिनी/सिटी बसें घाट गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाईपास, धोबी घाट, रामगढ़ मोड़ होकर आमेर की तरफ जा सकेंगी।

संजय सर्किल से रामगंज व आमेर की तरफ जाने वाली मिनी बस, सिटी बस संसार चंद्र रोड, एमआई रोड, घाट गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाई पास, धोबी घाट, रामगढ़ मोड़ होकर आमेर की तरफ जा सकेंगी। शोभायात्रा के बांदरवाल गेट पर पहुंचने से पूर्व सुभाष चौक से बड़ी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को सुभाष चौक से चार दरवाजा की तरफ एवं बड़ी चौपड़ से सुभाष चौक की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़ एवं त्रिपोलिया की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। शोभायात्रा के बडी चौपड़ पर पहुंचने से पूर्व रामगंज चौपड़, सांगानेरी गेट एवं त्रिपोलिया की तरफ से बड़ी चौपड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानांतर मार्गों से संचालित किया जाएगा। बापू बाजार में प्रवेश से पूर्व न्यू गेट से बापू बाजार की तरफ ट्रैफिक नहीं जाने दिया जाएगा। इसी प्रकार शोभायात्रा का अगला हिस्सा न्यू-गेट पहुंचने से पूर्व रामनिवास बाग चौराहा से तथा नेहरू बाजार से व त्रिपोलिया टी पाइंट से किसी भी प्रकार का ट्रैफिक चौड़ा रास्ता नहीं आ सकेगा। शोभायात्रा के त्रिपोलिया गेट पहुंचने से पूर्व बड़ी चौपड़ से त्रिपोलिया व छोटी चौपड़ से त्रिपोलिया टी-पाइंट की तरफ किसी भी प्रकार का ट्रैफिक त्रिपोलिया बाजार में नहीं आ सकेगा। शोभायात्रा के छोटी चौपड पहुंचने से पूर्व अजमेरी गेट से छोटी चौपड़, चौगान चौराहे से छोटी चौपड़ एवं संजय सर्किल से छोटी चौपड़ की तरफ किसी भी प्रकार का ट्रैफिक नहीं आ सकेगा।

### राधा-दामोदर मंदिर में दिन में जन्मे कन्हैया

जयपुर। चौड़ा रास्ता स्थित मंदिरश्री राधा दामोदर मंदिर में दोपहर 12 बजे कन्हैया प्रगटे और मंत्रोच्चार के बीच जन्माभिषेक हुआ। मंदिर महंत मलय गोस्वामी ने बताया कि भगवान राधा दामोदर यहां ढाई साल के बाल स्वरूप में विराजित हैं। जयपुर की यह सालों पुरानी परंपरा वृंदावन से चली आ रही है। पहले श्री राधा दामोदर जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके बाद भगवान गोविंददेवजी का जन्मोत्सव होता है। गोस्वामी ने बताया कि मंदिरश्री राधा दामोदरजी में दोपहर में श्रीकृष्ण का जन्माभिषेक से पहले कृष्ण जन्माष्टमी की तड़के साढ़े पांच बजे मंगला आरती के साथ दर्शन खुले। सुबह धूप झांकी में ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण करवाई गई। इसके बाद कई तरह के व्यंजनों और नमकीन का ठाकुरजी को भोग लगाया गया। सुबह ग्यारह बजे ठाकुरजी को जगमोहन में विराजमान किया गया। इसके बाद विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के बीच पाठ किए। इस बीच ठाकुरजी के पंचामृत, पंचगव्य आदि से अभिषेक किया गया। मान्यता है कि राधा दामोदर मंदिर में कृष्ण के बाल अवतार को विराजित है। बाल अवतार के उठने का समय रात में बारह बजे का नहीं होता। ऐसे में दिन में ही अभिषेक कर उन्हें उठाया और जन्मोत्सव मनाया जाता है।



जेडीए में 19 जोन का कार्यभार 7 प्रवर्तन अधिकारियों के जिम्मे

# अवैध निर्माण की रोज 250 शिकायतें, एक अफसर पर 3-3 जोन

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण इन दिनों बैखोफ हो रहे है। वजह... जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के पास प्रवर्तन शाखा में अफसर-कर्मचारी ही नहीं हैं। ऐसे में प्रतिदिन जेडीए व जोन कार्यालयों में आने वाले 250 से ज्यादा अवैध निर्माण व अतिक्रमणों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

जेडीए में वर्तमान में मौजूद एक-एक प्रवर्तन अधिकारी के पास तीन-तीन जोन का अतिरिक्त चार्ज है। ऐसे में अफसरों के पास शिकायतों की फाइलों को ढेर लगने से उनका निस्तारण ही नहीं हो पा रहा है। इस साल मिली शिकायतों में से एक हजार शिकायतों की तो अभी तक जेडीए के अफसरों ने नोटिस देने के बाद जांच ही नहीं की है, जबकि मौके पर निर्माण हो चुके हैं। ऐसे में जेडीए के अफसरों की मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता।




### यह स्थिति है प्रवर्तन शाखा की

जेडीए में 19 जोन है। इनमें कंट्रोल व मुख्यालय भी शामिल है। इन जोनों के आधार पर 19 प्रवर्तन अधिकारी होने चाहिए, ताकि अवैध निर्माणों की मिलने वाली शिकायतों का तत्काल निस्तारण हो सके। लेकिन, जेडीए में वर्तमान में 7 ही प्रवर्तन अधिकारी है।

### इनको जोन के साथ में अतिरिक्त चार्ज

पड़ताल में सामने आया कि प्रवर्तन अधिकारी किशन सिंह भंडारी के पास जोन-1 के साथ में जोन-3 और मुख्यालय का चार्ज रहेगा, जबकि विक्रम सिंह के पास जोन-12 के साथ जोन-6 का अतिरिक्त चार्ज था। अब जोन-13 व 13ए के साथ में जोन-10 व 10ए का चार्ज भी रहेगा। भवानी सिंह तंवर के पास जोन-3 के साथ में कंट्रोल रूम और पीआरएन नॉर्थ का अतिरिक्त चार्ज था। अब कंट्रोल रूम व पीआरएन नॉर्थ का ही चार्ज रहेगा। सुरेन्द्र सैनी के पास जोन-13 व 13 ए, जोन-14 और जोन-4 का अतिरिक्त चार्ज था। अब सैनी को जोन-12 के साथ में जोन-6 और 7 का अतिरिक्त चार्ज दिया है।

### इनकी भी यही स्थिति

त्रिभूवन वशिष्ठ के पास जोन-11 और जोन-5 का अतिरिक्त चार्ज था। अब त्रिभुवन को जोन-5 के साथ में 5ए और जोन-11 का अतिरिक्त चार्ज रहेगा। शिवनारायण के पास जोन-5ए और जोन-9 का चार्ज था। अब शिवनारायण के पास में जोन-2 के साथ में जोन-4 और 8 का अतिरिक्त चार्ज रहेगा। नरेन्द्र कुमार के पास जोन-8 और पीआरएन साउथ का अतिरिक्त चार्ज था। अब नरेन्द्र कुमार को जोन-14 और जोन-9 के साथ में पीआरएन साउथ का अतिरिक्त चार्ज दिया है।

## बेटे से मिलने आए पिता को लो-फ्लोर ने कुचला

**जयपुर।** लो-फ्लोर बस ने सोमवार सुबह एक बुजुर्ग को कुचल दिया। बुजुर्ग मोबाइल पर बात करते हुए रोड क्रॉस कर रहे थे। गलतागेट थाना पुलिस ने जेसीबी से बस को हटाकर शव को निकाला। एक्सीडेंट थाना (नॉर्थ) के एएसआई जयसिंह ने बताया- हादसे में रोशन अली (62) निवासी गया (बिहार) की मौत हो गई। पुलिस ने लो-फ्लोर बस को जब्त कर लिया। एएसआई ने बताया कि बेटे अरुण से मिलने के लिए रोशन अली जयपुर आए हुए थे। सुबह करीब 11:15 बजे वह आमेर के लिए निकले थे। ईदगाह के पास रोड क्रॉस करते समय लो-फ्लोर बस ने रोशन अली को चपेट में ले लिया।

## जरूरी खबर

### धौलपुर में 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**धौलपुर।** 11 साल से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश राजवीर गुर्जर को कोतवाली पुलिस और डीएसटी टीम ने चंदीलपुरा के जंगलों से गिरफ्तार किया है। बारां जिला पुलिस ने बदमाश पर इनाम घोषित किया हुआ था। कोतवाली थाना प्रभारी प्रवेंद्र कुमार रावत ने बताया कि आईजी भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश और पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में जिले भर में वांछित अपराधी और बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 55 वर्षीय राजवीर सिंह कई संगीन वारदातों को अंजाम दे चुका है।

### गहरी खाई में गिरे पैंथर की डूबने से मौत

**चित्तौड़गढ़।** जिले के भादसोड़ा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग से राती मंगरी-रकमपुरा की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक खाई में पैंथर का शव तैरता मिला है। पैंथर के शव को निकलवाकर मंडफिया स्थित पशु चिकित्सालय में रखवाया गया है। प्रारंभिक रूप से पैंथर के दस फीट गहरी खाई में डूबने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार चित्तौड़गढ़ से उदयपुर सिक्सलेन पर भादसोड़ा थाना क्षेत्र में हाईवे से राती मंगरी-रकमपुरा मार्ग है। हाईवे से कुछ ही दूरी पर करीब 10 फीट गहरी एक खाई है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान मिट्टी निकालने से बनी थी। उसमें बरसात का पानी भरा था। उसी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई।

### कुचामन हनीट्रैप केस में तीन आरोपी अरेस्ट




**कुचामनसिटी।** डीडवाना कुचामन की नावां पुलिस ने कुचामनसिटी हनीट्रैप केस में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में जिले के हिस्ट्रीशीटर समेत तीन को आरोपियों को धरदबोचा। नावां थाना प्रभारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन और वृत्ताधिकारी अरविंद बिश्नोई के सुपरविजन में पुलिस ने हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने और मारपीट करने के प्रकरण में हार्डकोर अपराधी रिछपाल कांटवा और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है।

## जोधपुर के बाल परामर्श एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में दक्षता अभिवृद्धि संवाद कार्यक्रम

# मेहनत करने वाला ही होता है जीवन में सफल: जस्टिस खन्ना

बेधड़क | जोधपुर

बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित बाल परामर्श एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को दक्षता अभिवृद्धि संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि मेहनत करके अपने आप को खुश रखकर जो आगे बढ़ता है, जीवन में वही सफल होता है। पैसों से सफलता नहीं मिलती मन की आंतरिक खुशी की सकारात्मकता से सफलता मिलती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस पंकज मिथल एवं जस्टिस संदीप मेहता ने की।



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के जस्टिस चंद्रशेखर, जस्टिस पंकज भंडारी एवं जस्टिस मनोज कुमार गर्ग थे। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता के निर्देश से बाल परामर्श एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ दो वर्ष पूर्व हुआ था। केंद्र में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सक्षम बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं। केंद्र के बच्चों की दक्षता में अभिवृद्धि के उद्देश्य से यह संवाद कार्यक्रम रखा गया।



### सिलाई कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम किया शुरू

बालिका गृह एवं नारी निकेतन की आवासिनियों के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों में निवासरत बालिकाओं के लिए सिलाई कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा रिबन काटकर किया गया। जीयो और जीने दो संस्था द्वारा संपूर्ण सिलाई प्रशिक्षण एवं सिलाई मशीन रिपेयरिंग का साठ दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षित शिक्षिकाओं द्वारा करवाया जाएगा। कार्यक्रम में किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय नोडल अधिकारी अमित कुमार गोयल, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ बीएल सारस्वत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक मनमीत कौर, राजस्थान उच्च न्यायालय बाल सचिवालय एमआईएस असिस्टेंट कृष्णा वैष्णव, नारी निकेतन अधीक्षक रेखा शेखावत, परिवीक्षा अधिकारी रुक्मणी गढ़वाल, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष विक्रम सरगरा, सदस्य जय भाटी, सुशीला बोहरा, दिनेश जोशी, भावना जोशी, सोमित्रों बनर्जी, योगेश लोहिया, रंजू बिश्नोई आदि उपस्थित थे।

## भीलवाड़ा में दूसरे दिन भी बवाल... 8 संदिग्धों को किया राउंडअप

# पुलिस ने दिखाई सख्ती...तोड़ फोड़ करने पर किया लाठीचार्ज

बेधड़क | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में मंदिर के बाहर मिले गोवंश के अवशेष को लेकर बवाल दूसरे दिन भी नहीं थमा। घटना के विरोध में सोमवार को कुछ लोग परशुराम सर्किल पर जमा हो गए। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने अजमेर तिराहे रोड स्थित एक शोरूम के शीशे तोड़ दिए। हंगामे के बाद दोपहर बाद बाजार बंद हो गए। उपद्रव कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने दो बार लाठीचार्ज किया. वहीं, पुलिस ने मामले में अब तक 8 लोगों को हिरासत में भी लिया है।

भीलवाड़ा में रविवार को हनुमान मंदिर के बाहर गाय की कटी पूंछ मिलने की घटना ने शहर में तनाव के परिणामस्वरूप सोमवार को हिंदू संगठनों की पुलिस प्रशासन के साथ वार्ता हुई, जिसमें पुलिस ने इस मामले में आठ संदिग्धों को डिटेन करने की जानकारी दी। इस सूचना के बाद हिंदू संगठनों ने अपना धरना समाप्त कर दिया, लेकिन शहर में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई वार्ता में बताया कि पुलिस ने मंदिर के आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। इस जांच के आधार पर दो व्यक्तियों के संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के संकेत मिले हैं और कुल आठ लोगों को डिटेन किया गया है। एसपी ने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वार्ता के दौरान कलेक्ट्रेट के बाहर हिंदू संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान, कुछ कार्यकर्ताओं ने गायत्री आश्रम और भवानी नगर के इलाकों में दुकानों को बंद कराने का प्रयास किया। वार्ता के समाप्त होने के बाद भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी और महामंडलेश्वर हंसराम महाराज ने एकत्र लोगों को पुलिस द्वारा दी गई जानकारी से अवगत कराया।

इसके बाद, गुस्साए युवा कार्यकर्ताओं ने बाजार बंद करवाने के लिए बस स्टैंड की ओर कूच किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। इसी दौरान महामंडलेश्वर हंसराम महाराज और विधायक अशोक कोठारी ने आक्रोशित लोगो से शहर में शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन युवा कार्यकर्ताओं की भीड़ अविलंब कार्रवाई की मांग पर अड़ी रही। महामंडलेश्वर हंसराम महाराज ने पुलिस से आग्रह किया कि दोषियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने जैसी कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।











### क्या है मामला

भीलवाड़ा में रविवार को बडला चौराहा से भवानी नगर के बीच स्थित वीर हनुमान मंदिर के प्रवेश द्वार पर एक गाय की कटी हुई पूंछ मिली और गाय भी लहूलुहान हालत में पाई गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में जुट गए। पुलिस प्रशासन ने हिंदू संगठनों को आश्वासन दिया है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी राजन दुष्यंत ने कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस किसी भी स्थिति को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार है और शहर में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इस घटना के बाद भीलवाड़ा शहर में तनाव का माहौल है।

### व्यापारियों से समझाइश कर खुलवाई दुकानें

सूचना मिलते ही कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत शहर में अवलोकन करने निकले। इस दौरान व्यापारियों से समझाइश कर अपनी दुकान खोलने का आह्वान किया। वहीं सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राजपाल सिंह अपनी गाड़ी से भीलवाड़ा शहर में अनाउंसमेंट कर व्यापारियों को पुन: अपने प्रतिष्ठान खोलने का आह्वान करते नजर आए शहर में भारी मात्रा में पुलिस का जाब्ता तैनात कर दिया गया।

## डिस्काम पर लगाया लापरवाही का आरोप

# बूंदी में करंट से महिला और दो बच्चों की मौत



बेधड़क | बूंदी

सदर थाना क्षेत्र की रामनगर गांव में सोमवार को विद्युत लाइन की चपेट में आने से महिला और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे में कर्मा बाई व पुत्र कार्तिक समेत 15 वर्षीय अक्षय कंजर की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे सदर थाना अधिकारी, भगवान सहाय मीणा ने तीनों शवों को एंबुलेंस में रखवा कर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

इस दौरान कंजर समुदाय से जुड़े लोगों ने डिस्काम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। हादसे की सूचना पर विधायक हरिमोहन शर्मा भी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर उन्होंने डिस्कॉम के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की पैरवी की।

मृतकों के परिवारजन महेश वर्मा का आरोप था कि बिजली विभाग के अधिकारियों को विद्युत की झूलती लाइनों को दुरुस्त करने को लेकर कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसके चलते कंजर समाज के लोगों का बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने व मुआवजा देने की मांग को लेकर आक्रोश बना हुआ है। उप अधीक्षक अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र रामनगर कॉलोनी में छत की सफाई करते समय एक महिला सहित दो बच्चे करंट की चपेट में आ गए जिनकी मौके परी मौत हो गई।

### अनूपगढ़ में पांच साल के बच्चे की करंट लगने से गई जान

अनूपगढ़ में करंट लगने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। करंट लगने के बाद बच्चे को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनूपगढ़ पुलिस थाना के ASI तुलसीराम ने बताया कि वार्ड नंबर 6 में यह घटना हुई। मृतक बच्चे की मां और बच्चा घर पर थे, जबकि उसके पिता काम के लिए बाहर गए हुए थे। मां रसोई में कार्य कर रही थी और बच्चा जन्माष्टमी की छुट्टी के चलते घर पर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक फर्राटे पंखे की चपेट में आ गया और करंट लग गया। इसके बाद बच्चा अचेत हो कर गिर गया। मां ने शोर मचाया और पड़ोसियों की सहायता से उसे अपस्ताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

### प्रदेश में आज नहीं चलेगी प्राइवेट बसें

**जयपुर।** प्रदेश में प्राइवेट बसों की हड़ताल की वजह से 27 अगस्त को प्राइवेट बसें नहीं चलेंगी। मांगें पूरी नहीं होने पर बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन राजस्थान की ओर से प्रदेश की निजी बसों का चक्काजाम करने की घोषणा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने बताया कि परिवहन विभाग को कई बार समस्या समाधान के लिए ज्ञापन दिए गए, लेकिन विभाग की ओर से निजी बस ऑपरेटर्स की समस्या का समाधान आज तक नहीं किया गया। इससे पहले 23 सूत्रीय मांग पत्र विभाग को दिया गया। करीब 13 मांगें स्वीकार की गई थी, लेकिन आदेश जारी नहीं किए गए।

इससे बस ऑपरेटर में भारी रोष व्याप्त है। महासचिव रवि प्रकाश सैनी और संरक्षक अनिल जैन ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर तीस हजार बस ऑपरेटर पूरे दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

## कृष्ण जन्माष्टमी की प्रदेशभर में धूम

# सांवलिया सेठ के 51 किलो का केक काटकर मनाया 'कान्हा' का जन्मदिन

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जयकारों के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रदेश के मंदिरों में धूम मची रही। भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त मीरा बाई के शहर चितौड़गढ़ में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। यहां विश्व प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया गया।

देर रात 12 बजे मंदिर में 51 किलो के मावे का केक काटकर कान्हा का जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया। इसके लिए सांवलिया सेठ मंदिर में विशेष इंतजाम किए गए। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सांवलिया सेठ मंदिर में कान्हा का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया गया। मंदिर में भगवान कृष्ण की लीलाओं की विशेष झांकियां सजाई गई। इसके अलावा कान्हा के जन्मोत्सव पर सांवलिया सेठ के गर्भ गृह में मंदिर मंडल की ओर से बनाए गए 51 किलो का मावा केक काटा गया। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। इसके बाद पंजीरी का भोग लगाकर विशेष महा आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया।



### अक्षरधाम की तर्ज पर बना है मंदिर

चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया कस्बे में स्थित सांवलिया सेठ मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां राजस्थान ही नहीं बल्कि देश के दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस मंदिर की खासियत है कि सांवलिया सेठ की मूर्ति काले रंग के पत्थर पर बनाई गई है, जो भगवान कृष्ण के रंग को दर्शाती है। इसके अलावा सांवलिया सेठ मंदिर की वास्तुकला प्राचीन हिंदू मंदिरों से प्रेरित है। मंदिर की दीवारों और खंभो पर सुंदर नक्काशी की गई है। यह मंदिर गुजरात के प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर बनाया गए हैं।

### भगवान को बनाते हैं बिजनेस पार्टनर

जन्माष्टमी पर अल सुबह मंगला आरती से लेकर देर रात तक श्री सांवलियाजी सेठ के दर्शन को भक्त पहुंचे। व्यापार जगत में श्री सांवलियाजी सेठ की ख्याति इतनी है कि लोग अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए उन्हें अपना बिजनेस पार्टनर बनाते हैं। सांवलियाजी सेठ मंदिर कई मायने में बहुत प्रसिद्ध है। इस मंदिर से जुड़ी बातों के मुताबिक जो व्यक्ति यहां आकर जितना दान करता है उससे कई गुना अधिक उसे प्राप्त होता है। इस मंदिर में भक्त बढ़-चढ़कर दान करते हैं।

## श्रीकृष्ण-राधारानी के राज दरबार ने भक्तों का मोहा मन

**सिरोही।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान शांतिवन परिसर के गेट नंबर एक के सामने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय झांकी लगाई गई। इसमें सजाए गए श्रीकृष्ण-राधारानी के राज दरबार ने सभी का मन मोह लिया। बहुत ही सुंदर, आकर्षक और कलात्मक तरीके से यह झांकी सजाई गई है। झांकी को निहारने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। झांकी का शुभारंभ कर मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने आशीवर्चन दिए। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी ने कहा कि सतयुग के पहले राजकुमार श्रीकृष्ण का जीवन 16 कला संपूर्ण और संपूर्ण निर्विकारी था। हर मां का सपना होता है कि उनके यहां कन्हैया जैसे बालक का जन्म हो। उनके जैसा सुशील, सुंदर और गुणवान हो। श्रीकृष्ण के जीवन से हमें सीख मिलती है कि जीवन एक उत्सव है। जीवन में कैसा भी समय आए, लेकिन सदा उमंग-उत्साह और खुशी में रहें।



### 12वीं की मार्कशीट में होगा बदलाव, एनसीईआरटी की रिपोर्ट में दिए गए सुझाव

# अब 9वीं से लेकर 11वीं क्लास तक के जुड़ सकेंगे मार्क्स

**बेधड़क** | नई दिल्ली

देश में जल्द ही शिक्षा व्यवस्था में नया बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके तहत अब क्लास 12 वीं की फाइनल मार्कशीट में 9वीं, 10वीं और 11वीं का रिजल्ट भी जोड़ा जा सकता है। इसको लेकर एनसीईआरटी की बॉडी परख ने शिक्षा मंत्रालय को जून 2024 में एक्वीवैलेन्स ऑफ बोर्ड्स रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में 9वीं से 11वीं के रिजल्ट को क्लास 12 में शामिल करने का सुझाव दिया है। देश के सभी शिक्षा बोर्ड्स को बराबर स्तर पर लाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आधार पर एनसीईआरटी की नई संस्था परख ने यह रिपोर्ट तैयार की है।

### विभिन्न बोर्ड्स ने कहा: 10वीं, 12वीं के अलग-अलग रिपोर्ट कार्ड हो

परख ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए देशभर के सभी बोर्ड्स के साथ वर्कशॉप भी किए हैं। इसमें कुछ बोर्ड्स ने कहा है कि संयुक्त रिपोर्ट कार्ड का आइडिया अच्छा है, लेकिन इसे 9वीं से 12वीं तक एक न रखा जाए। 10वीं और 12वीं के दो रिपोर्ट कार्ड बनें, जिसमें 10वीं के रिपोर्ट कार्ड में 9वीं को 40% और 10वीं को 60% वेटेज मिले। इसी तरह 12वीं की फाइनल रिपोर्ट कार्ड में 11वीं को 40% और 12वीं को 60% का वेटेज दिया जाए।

### 69 शिक्षा बोर्ड्स की निगरानी करेगा परख

इस रिपोर्ट के मुताबिक परख ही सभी बोर्ड्स में इन पॉइंट्स को लागू किए जाने पर निगरानी भी रखेगा। देश में सेंट्रल, स्टेट, ओपन स्कूल, मदरसा और संस्कृत बोर्ड मिलाकर कुल 69 शिक्षा बोर्ड हैं। ये करिकुलम, परीक्षा ढांचे और कार्यप्रणालियों के आधार पर एक-दूसरे से अलग हैं, इस वजह से कुछ बोर्ड बेहतर माने जाते हैं।




### फाइनल रिजल्ट में हर एक्टिविटी के लिए दिए जाएं क्रेडिट मार्क्स

परख ने कहा है कि सभी बोर्ड हर सब्जेक्ट के लिए एक क्वेश्चन बैंक बनाएं। इसके बाद परख के ब्लूप्रिंट और क्वेश्चन बैंक के आधार पर टीचर्स क्वेश्चन पेपर बनाएंगे। रिपोर्ट में ये भी सुझाव दिया गया है कि हर क्लास के सभी सब्जेक्ट्स और एक्टिविटी के लिए क्रेडिट मार्क्स के तौर पर इवैल्यूएशन किया जाना चाहिए। एक रिपोर्ट कार्ड में स्टूडेंट्स की सभी एक्टिविटीज - टाइम मैनेजमेंट जैसी स्किल्स के लिए भी क्रेडिट मार्क्स दिए जाएं। ग्रुप प्रोजेक्ट वर्क में स्टूडेंट्स का इवैल्यूएशन टीचर्स के अलावा उनके क्लासमेट्स के रिएक्शंस को भी शामिल करना चाहिए। करिकुलम के आधार पर सभी बोर्ड्स को नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क का पालन करने के लिए भी कहा गया है। परख से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि इस रिपोर्ट में की गई सिफारिशों का मकसद किसी भी बोर्ड से जुड़े स्कूल में एडमिशन लेने वाले हर स्टूडेंट को जरूरी सुविधाएं हर हाल में मिलनी ही चाहिए।

## Yuva स्टोरीज

### निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर की पहल

## नवीकरणीय ऊर्जा, जीवन विज्ञान व मशरूम पर पुस्तक का विमोचन



**बेधड़क** | जयपुर

विज्ञान और शोध के क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठित लेखकों की महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग और वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने किया है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में शोधकर्ताओं और पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगी। डॉ. के. सी. सैनी की नवीनतम पुस्तक "रिसेंट रिसर्च इन लाइफ साइंसेज" का विमोचन हुआ।

यह पुस्तक जीवन विज्ञान के क्षेत्र में हो रही नवीनतम प्रगति और अनुसंधान का एक गहन और व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। डॉ. पीयूष कुमार कमलेश की पुस्तक "सस्टेनेबल फ्यूचरः एक्सप्लोरिंग रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस" नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे प्रमुख नवाचारों और अंतर्दृष्टियों को समेटे हुए है, जिसका उद्देश्य अधिक सतत और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य का निर्माण करना है। रुचि कुमारी की पुस्तक "द इंडियन मशरूमः इट्स कल्टीवेशन, न्यूट्रिशनल वैल्यू, एंड मेडिसिनल इफेक्ट्स" का विमोचन किया गया। यह पुस्तक मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा करती है, जिसमें मशरूम के पोषण लाभ और औषधीय गुणों पर विशेष ध्यान दिया गया है। ये तीनों पुस्तकें विज्ञान और शोध के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गहरी अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मार्गदर्शन के माध्यम से नए आयाम स्थापित करेंगी।

इस अवसर पर डॉ. आर. के. अरोड़ा ने जानकारी दी कि ये पुस्तकें वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, और छात्रों के लिए अत्यधिक लाभदायक साबित होगी, क्योंकि यह उन्हें आधुनिक शोध की गहरी समझ प्रदान करती है और भविष्य में होने वाले संभावित परिवर्तनों पर विचार-विमर्श करती है।

### शिक्षक पुरस्कार का मामला

## संस्कृत शिक्षकों में असमंजस की स्थिति

**बेधड़क** | जयपुर

संस्कृत शिक्षा निदेशालय की ओर से हाल ही राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारियों को जारी अस्पष्ट आदेश से शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले संस्कृत शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारियों से मात्र पांच-पांच शिक्षकों के नामों की बाध्यता कर सूची तत्काल मांगी जाने का राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने विरोध किया है। साथ ही मुख्यमंत्री व संस्कृत शिक्षामंत्री को पत्र लिखकर शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन करने के इच्छुक सभी शिक्षकों से आवेदन लेने की मांग की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि हाल ही शुक्रवार को जारी आदेश में प्रत्येक सम्भाग से तत्काल मात्र पांच नामों की पाबंदी के साथ सूची मांगी जाना शिक्षक पुरस्कार की गरिमा के खिलाफ एवं आवेदन के इच्छुक शिक्षकों की भावना को आहत करने वाला है। शिक्षा विभाग में आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। जिसके चलते पोर्टल पर आवेदन सबमिट नहीं हो रहे हैं। ऐसे में विभाग को चाहिए कि या तो बीकानेर निदेशालय से सम्पर्क कर दो कार्य दिवस के लिए केवल संस्कृत शिक्षा के शिक्षकों के लिए पोर्टल चालू करवाएं। आवेदन के बाद हार्ड कॉपी संभागों के मार्फ़त निदेशालय मंगवाये या राज्यभर के विभागीय शिक्षकों से पहले की तरह ऑफ लाइन आवेदन सम्भागीय कार्यालयों के माध्यम से मंगवाकर राज्यभर से प्राप्त आवेदनों में से सर्वोत्तम दस शिक्षकों का चयन कर राज्य सरकार को भिजवाए।

### डीयू में एडमिशन का दौर जारी, 29 अगस्त से शुरू होगी क्लासें

# 24 हजार सीटें आवंटित आज शाम तक सीट स्वीकार

**बेधड़क** | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने प्रवेश कार्यक्रम के दूसरे चरण में 24 हजार से ज्यादा सीटें आवंटित की है। दाखिले के लिए चयनित छात्रों को मंगलवार शाम पांच बजे से पहले इसे स्वीकार करना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक शैक्षिक सत्र को समय से शुरू करने के लिए अतिरिक्त सीटों का आवंटन किया गया है। डीयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 में स्नातक प्रवेश के लिए हाल ही में पहले चरण की सीटें आवंटित की गई थीं।

पहले चरण के समाप्त होने के बाद बीते रविवार को डीयू प्रशासन की ओर से दूसरे चरण के लिए आवंटन जारी किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक कुल 71 हजार 600 सीटों पर दाखिला लिया जाना है। पहले चरण में 65 हजार 775 सीटों पर दाखिला हो चुका है। इसमें से 43 हजार 67 छात्रों ने अपग्रेड का विकल्प चुना है। इनमें से 20 हजार 829 छात्रों ने विकल्प चुनकर अपनी सीट सुनिश्चित कर ली है।

डीयू प्रशासन ने रविवार को जारी सूची में 24 हजार 894 सीटें आवंटित की हैं।



### एयूडी में 917 सीटों पर दाखिले शुरू

इधर, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से 18 स्नातक कार्यक्रमों के लिए पहली आवंटन सूची जारी होने के बाद रविवार से ऑनलाइन दाखिला शुरू हो गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि विश्वविद्यालय में 887 स्नातक सीटें उपलब्ध हैं। इनमें 917 का आवंटन हो चुका है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए 33,000 से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। जिन उम्मीदवारों को सीट आवंटित की गई है, उन्हें 28 अगस्त तक फीस का भुगतान करके अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। इसके बाद विश्वविद्यालय 29 अगस्त को दूसरी आवंटन सूची जारी करेगा। विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि प्रवेश सत्र 10 सितंबर से शुरू होगा।

डीयू प्रशासन ने बताया कि दूसरे चरण में अतिरिक्त सीटों का आवंटन किया गया है ताकि शैक्षिक सत्र को 29 अगस्त से शुरू कराया जा सके। दिल्ली विश्वविद्यालय की नीति के मुताबिक पहले चरण में अवैध सर्टिफिकेट या कागजात के कारण जिन छात्रों के आवेदन खारिज कर दिए गए थे, उन्हें दूसरे चरण में यूआर श्रेणी के तहत उनकी मेरिट, पसंद और सीटों की उपलब्धता के आधार पर मौका दिया जाएगा।

### 30 अगस्त तक जमा होगी फीस

डीयू प्रशासन ने बताया कि जिन छात्रों को सीटें आवंटित की गई है, उन्हें 27 अगस्त की शाम 4.59 बजे तक इसे स्वीकार करना होगा। शुक्रवार 30 अगस्त की शाम 4.59 बजे तक उन्हें शुल्क जमा करना होगा। केवल शुल्क जमा कर चुके छात्र ही आगे के दौर में अपग्रेड के विकल्प को चुन सकेंगे। डीयू प्रशासन के मुताबिक अलग-अलग कोटे के तहत प्रवेश के लिए आवंटन की सूची अलग से जारी की जाएगी। डीयू के मुताबिक परफॉर्मेंस आधारित प्रोग्राम और सुपरन्यूमेररी कोटा सीडब्ल्यू, ईसीए, खेल और वार्ड के आवंटन तीसरे दौर में घोषित किए जाएंगे। तीसरे दौर के इस चरण को जल्द ही जारी किया जाएगा। इस संबंध में अद्यतन जानकारी के लिए आवेदकों को डीयू की वेबसाइट पर नजर रखनी चाहिए।

### 12वीं पास कर सकेंगे भर्ती के लिए आवेदन

## पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में निकली चपरासी भर्ती

**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ ने चपरासी के 300 पदों भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। भर्ती के लिए उम्मीदवारों को कक्षा 12वीं पास की हुई होना जरूरी है। वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 20 सितंबर तक या उससे पहले इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। अधिसूचना में उल्लिखित अतिरिक्त पात्रता के साथ 12वीं पास सहित कुछ शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के पास इस प्रमुख भर्ती अभियान के लिए आवेदन करने का सुनहरा मौका है। सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों की आयु 18 वर्ष से कम और 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

इन पदों के लिए चयन लिखित परीक्षा और उसके बाद शारीरिक क्षमता परीक्षण में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर होगा। सामान्य, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के उम्मीदवारों को छोड़कर अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को 700 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। वहीं एसी, एसटी, पिछड़ा वर्ग आदि उम्मीदवारों को 600 रुपये आवेदन शुल्क लगेगा। शुल्क का भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है।

### खेल सप्ताह के तहत हुए आयोजन

## मीना और खेताराम ने जीती मिनी मैराथन रेस



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा पहली बार प्रदेश भर में मेजर ध्यानचन्द की जयंति पर एक सप्ताह तक विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को खेल सप्ताह की शुरूआत हुई। पहले दिन प्रभात फेरी के आयोजन हुए। सवाई मानसिंह स्टेडियम और चौगान स्टेडियम सहित सभी जिलों में खिलाड़ियों द्वारा सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव सोहन राम चौधरी ने बताया कि 26 से 31 अगस्त तक आयोजित खेल सप्ताह में सवाई मानसिंह स्टेडियम में सुबह लगभग 100 बालक/बालिका खिलाड़ियों ने मिनी मैराथन में भाग लिया।

महिला की 3 किलोमीटर दौड में मीना ने जीता खिताब जबकि पायल व नेहा ने क्रमश दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। पुरूष वर्ग में 5 किलोमीटर रेस में खेताराम चैम्पियन बने। जबकि कानाराम ने दूसरा और मोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की मैराथन पूर्व खेल अधिकारी पोकरमल और बालिका वर्ग में पूर्व खेल अधिकारी उर्मिला पोकर ने हरी झंडी दिखाकर शुरू करवाई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया।

प्रभात फेरी एस.एम.एस स्टेडियम से शुरू होकर विधानसभा, ग्रेटर नगर निगम, टोंक रोड, रामबाग सर्किल और अंबेडकर सर्किल से होते हुए वापस सवाई मानसिंह स्टेडियम में समाप्त हुई। सोहन राम चौधरी ने बताया कि इसी प्रकार चौगान स्टेडियम में भी प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी चौगान स्टेडियम से लंगर के बालाजी, गणगौरी बाजार से होती हुई वापस चौगान स्टेडियम पहुची।

### भगत सिंह क्लब और सावित्री भाई क्लब ने जीता खिताब

इसमें ताईक्वाडों मोहम्मद साबिर, खो-खो के महेश कुमार महावर, बॉक्सिंग के कृष्ण कुमार, वुशू के देवराज सिंह, शुटिगबॉल के अभिषेक शर्मा और बॉल बैडमिन्टन कोच लक्ष्मीकांत शर्मा के साथ खेल प्रशंसक व आमजन ने शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर सितोलिया प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें बालक वर्ग में 8 और बालिका वर्ग में 7 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में भगत सिंह क्लब ने महात्मा गांधी क्लब को हराकर खिताब जीता। बालिका वर्ग में सावित्री भाई क्लब ने सरोजनी नायडू क्लब को हराकर चैम्पियन बनी। सभी खिलाड़ियों अल्पाहार भी वितरित किये गये। उन्होंने बताया कि जयपुर के साथ ही पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के दौरान खेल गतिविधियां आयोजित कि जा रही है। मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में वॉकरेस और बास्केटबॉल की स्पर्द्धाऐ आयोजित की जायेगी।

**कार्यक्रम** | निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

# अंतरिक्ष विज्ञान में बनी देश की वैश्विक पहचान: सिहाग

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में यूजीसी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गतवर्ष चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के उपलक्ष्य पर प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाये जाने के लिए घोषणा की थी। इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विषय था "चांद को छूते हुए, जीवन को छूनाः भारत की अंतरिक्ष गाथा"। इस थीम के माध्यम से न केवल चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को उजागर किया गया, बल्कि इस सफलता से देश और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को भी रेखांकित किया गया। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने अपने संबोद्धन में कहा कि हमारा देश अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि हमारे वैज्ञानिक लगातार नवाचार कर रहे हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे भी इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपने ज्ञान और कौशल का विकास करें और राष्ट्र के इस महत्वपूर्ण मिशन में अपना योगदान दें।



### अनुसंधान और नवाचार से दे, देश को प्रगति

डॉ. आर. के. अरोड़ा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि चंद्रयान-3 मिशन ना केवल हमें चांद के और करीब लाया है, बल्कि हमारे सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता के संदेश को भी मजबूत किया है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है, और विशेष रूप से हमारे युवा पीढ़ी के लिए, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो रही है। हैं। डॉ. अरोड़ा ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से वे भी देश की इस प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं।

### डॉक्यूमेंट्री और पोस्टर प्रेजेंटेशन किया

कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान और भारत के अंतरिक्ष मिशनों की प्रेरणादायक यात्रा पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही एक पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान और चंद्रयान-3 मिशन पर आधारित विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों में चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण, लैंडिंग, और भविष्य में अंतरिक्ष अनुसंधान के संभावित क्षेत्रों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भौतिकी विभाग के प्रमुख डॉ. पीयूष ने विद्यार्थियों अंतरिक्ष विज्ञान और भौतिकी के संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा अंतरिक्ष विज्ञान एक बहुआयामी क्षेत्र है।

# जब तक समाज असंगठित व विभाजित है,यूं ही लुटता रहेगा



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

यदि आप रोड टैक्स अदा किए बिना वाहन चलाएं तो आपका चालान होना निश्चित है। नगर पालिकाओं व नगर निगम को यदि आप नाले व सीवर सेवाओं के भुगतान समय से अदा न करें गृह कर का भुगतान निर्धारित समय पर न करें तो जुर्माना लगना लाजिमी है। और अब तो थोड़े-थोड़े फासले पर पड़ने वाले टोल बैरियर जनता से पैसे वसूलने के लिए लगाए गए हैं। हालांकि अभी तक टोल वसूलने का तर्क ही समझ में नहीं आया कि आखिर जब सरकार किसी व्यक्ति के नया वाहन लेने के समय ही प्रत्एक वाहन से एक मुश्त मोटा रोड टैक्स वसूल कर लेती है उसके बाद कदम कदम पर टोल वसूली का क्या मतलब है? और अगर प्रत्एक गाड़ी से जगह जगह टोल वसूलना ही है तो रोड टैक्स के नाम पर वसूल की जाने वाली मोटी रकम वसूलने का मतलब क्या? अभी पिछले दिनों हुई बारिश में नवनिर्मित सड़कों में गड्ढे पड़ते दिखाई दिए। अनेक वाहन उसमें धंसे हुए नजर आए। कौन है इसका जिम्मेदार? टैक्स अदा करने वाली जनता या टैक्स के नाम पर लूट व भ्रष्टाचार करने वाली सरकार व प्रशासन? मगर सरकार सब कुछ मनमानी तरीके से कर रही है। और परेशानहाल आम लोगों की जेब किसी न किसी बहाने इसी तरह कटती रहती है।

सवाल यह है कि इस वसूली के बदले में सरकार जनता को वह सुविधाएं दे भी पाती है जिसके नाम पर जनता से पैसे वसूले जा रहे हैं? जनता नाली व सीवर के नाम के बिल अदा करती है। जलापूर्ति विभाग पानी के पैसे लेता है। मगर जब नालियां व नाले जाम पड़े हों, दुर्गन्ध फैल रही हो। नियमित सफाई न होती हो ? इसी तरह सीवरेज प्रणाली फेल हो चुकी हो? जगह जगह सीवर के मेनहोल ओवर फ्लो हो रहे हों? सड़कों व गलियों में इन ओवरफ्लो सीवर की सड़ांध फैली हो ,नाले व नालियां भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण के कारण टूटे पड़े हों,नालों का परवाह रुका पड़ा हो,इसके बावजूद यदि सरकार नाले व सीवर के बिल नियमित रूप से भेजती रहे तो जनता को क्या यह पूछने का हक नहीं कि यह किस बात के पैसे वसूले जा रहे हैं? इस भ्रष्टाचार, लापरवाही, गैर जिम्मेदारी व सरकारी अनदेखी की कीमत जनता को बरसात में मोहल्ले कॉलोनी में जलभराव की स्थिति में अपने घरों के फर्नीचर व अन्य जरूरी व कीमती सामानों की बर्बादी से चुकानी पड़ती है। बाजार व दुकानें पानी से भर जाते हैं। कौन है इस दुर्व्यवस्था का जिम्मेदार? आखिर जनता को इस दुर्व्ययवस्था का भुगतान क्यों करना पड़े? सीवर के मेन होल के बैठ जाने पर गंदे व मलमूत्र युक्त कीचड़ भरे गड्ढों में स्कूटर साईकिल सवार गिर जाते हैं। उन्हें चोट लग जाते है। कई बार सड़कों के खुले मेन होल में गिरने से लोगों की मौत तक हो जाती है। परन्तु जनता की जान की कोई कीमत नहीं? जलापूर्ति विभाग पानी के पैसे तो जरूर लेता है परन्तु प्रायः काला विषैले व दुर्गन्धपूर्ण प्रदूषित जल की आपूर्ति होती है। यदि कोई व्यक्ति बिना देखे धोखे से उसे पी ले तो मौत निश्चित है। क्या ऐसे ही गंदे व प्रदूषित जल की सप्लाई के लिए जनता से पैसे वसूले जाते हैं? इसी तरह रेल व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो रही है। परन्तु वंदे भारत ट्रेन परिचालन को सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में सरकार पेश कर रही है और आगे बुलेट ट्रेन संचालन के सपने दिखाए जा रहे हैं। पिछले दिनों झांसी में इसी वंदे भारत ट्रेन में परोसे गए भोजन में कीड़े चलते मिले। यात्रियों ने हंगामा किया परन्तु कोई जिम्मेदारी लेने वाला नहीं। आरक्षण होने के बावजूद अनारक्षित सवारियां आरक्षित बोगी में भरी होती हैं। यहां तक कि अधिकृत यात्रियों को बोगी में शौचालय तक जाने का रास्ता नहीं मिलता। शौचालय के भीतर की हालत दयनीय रहती है। सैकड़ों बने बनाए रेल स्टेशन को तोड़ कर जनता के टैक्स के हजारों करोड़ खर्च कर उन्हें नया बनाया जा रहा है। इसके विपरीत जनरल डिब्बों की संख्या कम की जा रही है। एसी व आरक्षित बोगियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सामान्य श्रेणी के यात्री त्राहि त्राहि करते रहते हैं। परन्तु जनता की तरफ से आवाज उठाने वाला कोई नहीं। अब इंतेहा तो यह हो चुकी है कि सत्ता समर्थक व शासन प्रशासन के लोगों ने इन बातों का ऐसा जवाब तैयार कर लिया है कि जनता का सवाल पूछना तो दूर उलटे उसी जनता को लाजवाब कर दिया जाता है।

> “सामान्य श्रेणी के यात्री त्राहि त्राहि करते रहते हैं। परन्तु जनता की तरफ से आवाज उठाने वाला कोई नहीं। अब इंतेहा तो यह हो चुकी है कि सत्ता समर्थक व शासन प्रशासन के लोगों ने इन बातों का ऐसा जवाब तैयार कर लिया है कि जनता का सवाल पूछना तो दूर उलटे उसी जनता को लाजवाब कर दिया जाता है।”

गोया हालात अब ऐसे हो गए हैं कि हर साल अखबारों व टीवी में जनता की इस तरह की परेशानियों की खबरें प्रकाशित प्रसारित होती रहती हैं परन्तु कोई कार्रवाई नहीं कोई सुनवाई नहीं। इसका सबसे प्रमुख कारण यही है कि भुगतभोगी जनता असंगठित है और चतुर राजनीतिज्ञों द्वारा तरह तरह के वर्गों में विभाजित की जा चुकी है। जबकि परेशानी हर खासो आम को उठानी पड़ती है। दूसरी तरफ इस दुर्व्यवस्था का जिम्मेदार वर्ग चाहे वह मंत्री, सांसद ,विधायक हो ,प्रशासनिक व स्थानीय निकाय के अधिकारी हों या फिर उनसे जुड़ा ठेकेदार तबका यह सभी संगठित होकर भ्रष्टाचार को अंजाम देते हैं। और आम लोग गरीब अमीर धनाढ्य, अभिजात, धर्म-जाति, सम्प्रदाय, वर्ग, दलीय राजनीति जैसे अनेक वर्गों में बंटे हुए हैं। समाज के इसी विभाजन का लाभ वह संगठित वर्ग उठता है जो जनता के टैक्स के पैसों को तो विकास के नाम पर मिलकर लूटता खाता है परन्तु उसी जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाता जो देश की अनेक आधारभूत सुविधाओं के लिए टैक्स तो अदा करती है परन्तु वह सुविधाएं उसे मिल नहीं पातीं। कहना गलत नहीं होगा कि जब तक हमारा समाज असंगठित व विभाजित रहेगा इसी तरह संगठित सत्ताधारियों व शासकों द्वारा हमेशा असुविधाओं का सामना करता रहेगा तथा यूं ही लुटता रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## एडीआर की ताजा रिपोर्ट

# महिला अपराधों में शामिल MP-MLA



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> “न्यायालय ने 10 जुलाई 2013 को दिए एक फैसले के अनुसार किसी आपराधिक मामले में 2 वर्ष की सजा पाए दोषी सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के पद पर बने रहने के अधिकार को समाप्त कर दिया था। जिस तारीख से सजा सुनाई गई थी, उसी दिन से माननीयों की सदस्यता निरस्त मान ली गई थी। अदालत ने इस फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रदद् कर दिया था”

यह देश और जनता के लिए आश्चर्य में डालने वाला प्रमाण है कि ऐसे विधायक और सांसदों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जो गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े हैं। हैरानी इस पर भी है कि सभी राजनीतिक दल इस पृश्ठभूमि के लोगों को उम्मीदवार बना रहे हैं और वे जीत भी रहे हैं। ऐसोशिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से हाल ही में जारी रिपोर्ट के मुताबिक 16 वर्तमान सांसद और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामले दर्ज हैं। यही नहीं इनमें दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। इन 151 सांसद और विधायकों ने अपने चुनावी शपथ-पत्रों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की जानकारी दी है। एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान चुनाव आयोग को सौंपे गए वर्तमान सांसद और विधायकों के 4,809 हलफनामों में से ये तथ्यात्मक दस्तावेजी प्रमाण निकाले हैं।



पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 25 सांसद व विधायक महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसी प्रकृति के मामलों में ओड़ीसा 17 सांसद व विधायकों के साथ दूसरे पायदान पर खड़ा है। इनमें से 16 वर्तमान सांसद और विधायक ऐसे हैं, जिन्होंने आईपीसी की धारा 376 के तहत दुश्कर्म से संबंधि तमामले घोशित किए हैं। ऐसे मामलों में न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रविधान है और इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऐसे सर्वाधिक मामले भाजपा प्रतिनिधियों के हैं। भाजपा के 54 सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध दर्ज है। कांग्रेस के 23 और तेलगु देशम पार्टी के 17 सांसदों और विधायकों पर इसी प्रकृति के मामले भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के पांच-पांच मौजूदा विधायकों पर दुश्कर्म के आरोप है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि भाजपा और कांग्रेस जैसे देशव्यापी दल आपराधिक पृश्ठभूमि के उम्मीदवारों को टिकट देने से बच नहीं रहे है। कम से कम इन दलों को दुश्कर्म और हत्या जैसे गंभीर मामलों से जुड़े व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने से बचना चाहिए। समाजवादी सांसद रहे अतीक अहमद पर जहां हत्या, दुश्कर्म और जमीन हड़पने के 101 मामले दर्ज थे, वहीं उसके भाई अशरफ अहमद पर 50 से ज्यादा इसी किस्म के मामले दर्ज थे। मुख्तार अंसारी पर भी दर्जनों मामले दर्ज थे। दिल्ली पुलिस ने पूर्व भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्श बृजभूशण शरण सिंह पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश से यौन उत्पीडन और दुर्व्यवहार के मामलों में दो एफआईआर दर्ज की हैं। 7 महिला पहलवानों ने उन पर ये आरोप लगाए थे।

हालांकि सर्वोच्च न्यायालय इस परिप्रेक्ष्य में कानूनी विसंगतियों को दूर करने के उपाय करती रही है। न्यायालय ने 10 जुलाई 2013 को दिए एक फैसले के अनुसार किसी आपराधिक मामले में 2 वर्ष की सजा पाए दोषी सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के पद पर बने रहने के अधिकार को समाप्त कर दिया था। जिस तारीख से सजा सुनाई गई थी, उसी दिन से माननीयों की सदस्यता निरस्त मान ली गई थी। अदालत ने इस फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रदद् कर दिया था। यह धारा दागी नेताओं को मुकदमे लंबित रहते हुए भी पद पर बने रहने की छूट देती थी, यह फैसला 2006 में दाखिल वकील लिली थॉमस की याचिका पर दिया गया था। किंतु इस फैसले के विरुद्ध केंद्र सरकार ने संसद में सर्वसम्मति से संशोधन बिल लाकर शीर्ष अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस बिल में धारा 8 की उपधारा 4 में एक प्रावधान जोड़ा, ताकि दागी नेताओं की कुर्सी बचे रहे और वे सदन की कार्यवाही में भागीदारी करते रहें। किंतु अदालत ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि उपधारा 4 भेदभाव पूर्ण है। क्योंकि यह दोषी ठहराए गए आमजन को तो चुनाव लड़ने से रोकती है, लेकिन जनप्रतिनिधि को सुरक्षा मुहैया कराती है। याद रहे राहुल गांधी की लोकसभा सदस्य की सदस्यता भी इसी कानून के आधार पर समाप्त की गई थी।

सर्वोच्च न्यायालय ने दागियों का महत्व राजनीति से समाप्त करने की दृष्टि से महज जन प्रतिनिधत्व कानून की धारा को खारिज किया था। यह एक ऐसी विरोधाभासी धारा थी, जो पक्षपात बरतते हुए दोषियों को दोहरे दृष्टिकोण से परिभाषित करती थी। यह संहिता एक ओर तो उस आम आदमी को ही चुनाव लड़ने से रोकती है, जिसे दो साल या इससे अधिक की सजा हुई हो और दूसरी तरफ आपराधिक दोषी करार दिए गए नेताओं को पद पर बने रहने की छूट देती थी। इस भेद को खत्म करना, न्यायिक समानता के लिए जरूरी था, जिससे संवैधानिक मर्यादा का पालन हो और देश के हरेक नागरिक को समानता के अधिकार मिलें। हमारे यहां अनेक ऐसी कानूनी विसंगतियां हैं, जो संविधान सम्मत नहीं होने के कारण भेद की संहिता रचती हैं। इसी बाबत यह विडंबना भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि कारागार में बंद विचाराधीन आम आरोपी तो मतदान करने के अधिकार से वंचित रहता है, लेकिन किसी सांसद अथवा विधायक को सजा भी हो जाए तो भी उसकी सदस्यता बरकरार रहती है। अलबत्ता सजायाफ्ता जेल में रहते हुए भी चुनाव लड़ने के अधिकारी बने हुए थे। इसीलिए अदालतें ने किसी जनप्रतिनिधि के सजा पाते ही उसे चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया था।

दरअसल जनप्रतिनिधि कानून की जिस धारा को न्यायालय ने विलोपित किया था, उसकी प्रतिछाया में अब तक प्राथमिकी में नामजद और सजायाफ्ताओं को निर्वाचन में भागीदारी के सभी अधिकार प्राप्त थे। इसके अनुसार सजा सुनाए जाने के छह साल बाद राजनेता मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराकर चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन इसके विपरीत यदि दोषी व्यक्ति की अपील ऊपरी अदालत मंजूर कर लेती है और जब तक उसका फैसला नहीं आ जाता है, तब तक दोषी व्यक्ति को न तो मतदान से वंचित किया जा सकता है और न ही चुनाव लड़ने से? तय है, अपीलों का यह सिलसिला उच्चतम न्यायालय तक चलता है और तारीखें बढ़वाने की सुविधा के क्रम में कई दशक बीत जाते हैं, नतीजतन सदस्यता भी बरकरार रहती थी और नया चुनाव लड़ने के अधिकारी भी बने रहते थे। इस संदर्भ में विसंगति यह भी है कि जेल में बंद आरोपी मतदान का अधिकार तो खो देते हैं, लेकिन ऐसे लोग चुनाव लड़ सकते हैं। इस संदर्भ में तर्क दिया जाता है कि जब तक कोई दोष सिद्ध न हो जाए, तब तक उसे निर्दोष ही माना जाना चाहिए। यह तथ्य सही हो सकता है, लेकिन हमारे नीति-नियंताओं को यह समझने की जरूरत है कि इसी ओट में राजनीति का अपराधीकरण हो रहा है।

इस स्थिति में न तो कोई निर्वाचन क्षेत्र नेतृत्वविहीन रह जाता है और न ही किसी सरकार की स्थिरता खतरे में पड़ती है? फिर क्या महज सरकार बनाए रखने के लिए अपराधियों का साथ लिया जाए? ऐसी दोषपूर्ण प्रणाली के चलते ही राजनीति का मूलाधार वैचारिक अथवा संवैधानिक निष्ठा की बजाय सत्ता के गणित में सिमट कर रह गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सबकी आंखें गिरवी हैं इस नगरी में



मुकेश राठौड़
व्यंग्यकार

वैसे तो दुनिया की सारी बेटियां एक सी होती है। क्या भोपाली और क्या नेपाली? क्या अफ्रीकन और क्या अमेरिकन? नाक-नक्श, रंग-रूप और कद-काठी को छोड़ दिया जाए तो सभी के सारे अंग-उपांग लगभग एक जैसे होते हैं। फिर क्यों लोगों को अपनी और पराई बेटी में जमीन-आसमान का अंतर जान पड़ता है। अपनी आसमां होती बेटी भी अपने लिए जमीन सी होती है,होना भी चाहिए,अफसोस दूसरों की जमीन सी बिटिया भी न जाने क्यों आसमां लगने लगती है। ये कैसी सोच? ये कैसा दृष्टि वैषम्य? दृष्टि का दोष कहे कि दोगलाई जो दबंग की जवान बेटी को देख दाएं-बाएं घूम जाती है और दबे की बेटी को देख घूरने लगती है।

दिनों-दिन धार्मिक होते देश में आरंभ से ही कन्या पूजन की संस्कृति रही है। क्या आम आदमी और क्या ही सरकार मौके-बेमौके बेटियों के पग पखारते दिखाई पड़ते हैं। किसी को इन पगों में सुख-समृद्धि तो किसी को सत्तासुख नजर आता है। मान्यता है कि कन्या देवी का अवतार होती है। कन्या के किशोरी और फिर युवती होते ही क्यों नहीं दिखाई देता उसका देवत्व?क्यों नहीं पखारे जाते उसके पग? क्यों नहीं करवाया जाता उसे भोज? इसलिए कि वह बड़ी हो जाती है। जब बड़ी हो ही गई तो फिर क्यों बार-बार गली, चौराहे, बाजार से गुजरते छोटी सोच का शिकार होती है? कायदे से तो उसके बढ़ने के साथ चरणबद्ध देवत्व बढ़ने की सामाजिक मान्यता बढ़ती जानी चाहिए थी, मगर ऐसा कहां होता है भाई साहब? वय के साथ बेटियों का देवत्व बढ़े न बढ़े, हमारी मानवता, दानवता बनते देर नहीं करती। बकौल शायर शकील जमाली, अभी रोशन हुआ जाता है रस्ता/वो देखो एक औरत आ रही है। मनुस्मृति में कहा गया है, “यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवताः” माने जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता वास करते हैं। हाल तो यह है कि पूजा करने आए तथाकथित भक्तानंदों को देवताओं को पूजती नारी पहले दिखाई देती है,देवता बाद में। ‘आए थे हरि भजन को’ वाली स्थिति। कई बार तो देवता से पहले ध्यानस्थ नारी पर नजरें ऐसे ठहर जाती है, गोया सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ गई हों। वही पृथ्वी जो दुनिया की पालनहार है। ब्रह्मांड का सबसे सुंदर ग्रह। औरत न हुई, देखने की चीज हो गई। सोशल मीडिया में सानिया, सनी और सपना का एक फोटो डलते ही लाइक-कॉमेंट्स की बाढ़ सी आ जाती है। पता नहीं ये फॉलोअर्स की उनके खेल, कला, नृत्य के प्रति दीवानगी है या और कुछ...! हमीदा शाहीन का शेर याद आता है, “कौन बदन से आगे देखे औरत को, सबकी आंखें गिरवी है इस नगरी में।”

किसी बहन का भाई मोहल्ले का दादा हो तो लोग उसकी ओर नजर उठाकर नहीं देखते। आज बहनों के भाई यहां-वहां मुख्यमंत्री हैं। उनकी छोटी-छोटी जरूरतों का ध्यान रखा जा रहा है। स्टार्ट अप, सेल्फ हेल्प और हेल्प लाइन नंबर भी...मगर मुसीबत के समय क्यों हेल्प लाइन का नंबर स्वीच ऑफ हो जाता है? बहन द्रौपदी के चीरहरण के समय क्यों नहीं पहुंच पाते दो-दो हाथों में राखी बंधवाने वाले वासुदेव? क्यों महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ती ही चली जा रही है? पूछती हैं बहनें जब सरकार आत्मनिर्भर बनाने हेतु एक हाथ सिलाई मशीन दे सकती है तो आत्मरक्षा हेतु दूसरे हाथ पापी पेटों की सिलाई उधेड़ने वाला त्रिशूल क्यों नहीं?

## गायक मुकेश की पुण्यतिथि आज

# कलियुग में सतयुग के इंसान थे मुकेश



अशोक ‘प्रवृद्ध’
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मोतीलाल ने एक पारिवारिक समारोह में जब मुकेश के गायन को सुना तो उन्हें वह प्रतिभावान लगे। उनके कहने पर मुकेश मुंबई आ गए और उनका लक्ष्य था नायक के रूप में परदे पर छा जाना। मुकेश पहले नायक बने लेकिन बाद में वो बन गए गायक। मोतीलाल की ही फिल्म ‘पहली नजर’ में उन्हें पहली बार पार्श्वगायक बनने का अवसर मिला। गजलकार आह सीतापुरी जिन्हें हम डॉ. सफदर आह के नाम से जानते हैं, अपने आपको बेहद खुशनसीब मानते थे। दरअसल, उन्हीं की लिखी गजल ‘दिल जलता है तो जलने दे.......’ को मुकेश ने अपनी आवाज से इस तरह से सजाया कि संगीत सम्राट कुंदनलाल सहगल भी आश्चर्य में आ गए। जब मुकेश उनसे मिलने आए तो उन्होंने मुकेश को अपना हारमोनियम भेंट करते हुए सीख भी दी कि अपनी मूल आवाज के लिए मेहनत करो।

केदार शर्मा के लिए मुकेश केवल गायक नहीं थे बल्कि उनके गीतों के भावों को समझने वाले उत्कृष्ट संगीतप्रेमी थे। उनके निर्देशन में ‘नीलकमल’ में राजकपूर और मधुबाला ने परदे पर पहली बार नायक और नायिका के रूप में पदार्पण किया। इस फिल्म में मुकेश ने एक गीत ‘आँख जो देखे है.......’ गाया जो फिल्म के साथ ही हिट हो गया। इसी फिल्म में मुकेश के साथ हमीदा बानो की आवाज वाला गीत ‘सोचता क्या है.......’ भी बेहद सुना गया जबकि इस फिल्म में यह दोनों गीत राजकपूर पर नहीं फिल्माए गए थे। केदार शर्मा के ही निर्देशन में बनी फिल्म ‘बावरे नैन’ में भी राजकपूर नायक थे और इस फिल्म के लिए उनके लिखे गीतों ‘तेरी दुनिया में.......’, ‘खयालों में किसी के.......’ और ‘मुझे सच सच बता दो.......’ में मुकेश की ही आवाज थी। बहजाद लखनवी स्वतंत्रता से पूर्व रेडियो पर कविताओं, गजलों और नात को लेकर अपनी लेखनी से धूम मचा चुके थे। राजकपूर ने अपनी पहली निर्देशित फिल्म ‘आग’ (1948) के लिए उनकी एक गजल ‘जिंदा हूँ इस तरह.......’ को शामिल करने के लिए संगीतकार राम गांगुली को कहा। बताया जाता है कि राम गांगुली, जो इस गीत की धुन के लिए स्वयं बांसुरी वादन कर रहे थे, उन्हें लगा कि मुकेश की आवाज के आगे उनकी बांसुरी फीकी है। राजकपूर की ‘आग’ तो सफल नहीं हुई लेकिन यह गीत आज भी सफलता के पैमाने पर उतनी ही मुस्तैदी से खड़ा है। बस यहीं से मुकेश राजकपूर की आवाज बन गए।




जब गीतकार पंडित भरत व्यास का बेटा श्यामसुंदर उनसे नाराज होकर कहीं चला गया तब उन्होंने ‘जनम जनम के फेरे’ (1957) के गीत लिखने से मना कर दिया। फिर पत्नी के समझाने पर कि पुत्र वियोग पर ही गीत लिख दो तब, उन्होंने गीत लिखा ‘जरा सामने तो आओ छलिए.......’ जिसे मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने गाया। इस गीत के फौरन बाद ‘रानी रूपमती’ (1957) के लिए उन्हें गीत लिखने का अवसर प्राप्त हुआ। पुत्र वियोग में ही डूबे भरत व्यास ने ‘आ लौट के आजा मेरे मीत.......’ गीत लिखा जिसे मुकेश ने उनके गम में शामिल होते हुए इसे गाया। संयोग से यही गीत सुनकर उनका पुत्र घर लौट आया। ‘सारंगा तेरी याद में.......’ (सारंगा-1961) गीत सुनकर आज भी रोमांच हो आता है।


एक प्रेम भरा गीत ‘चाँद सी महबूबा हो.......’ (हिमालय की गोद में) जब मुकेश ने गाया तो गीतकार आनंद बख्शी उनकी आवाज के दीवाने हो गए। ‘आया है मुझे.......’ (देवर), ‘सावन का महीना.......’ (मिलन), ‘सुहानी चाँदनी रातें.......’ (मुक्ति) और ‘चंचल शीतल निर्मल कोमल.......’ (सत्यम शिवम सुंदरम) गीत स्वयं आनंद बख्शी की पसंद वाले गीतों में सबसे ऊपर हैं। ‘जिस गली में.......’ (कटी पतंग), ‘जुबां पे दर्द भरी.......’ (मर्यादा), ‘जिक्र होता है.......’ (माई लव), ‘फूल आहिस्ता फेंको.......’ (प्रेम कहानी), ‘दो रंग दुनिया के.......’ (दो रास्ते), ‘रास्ते का पत्थर.......’ (रास्ते का पत्थर) आनंद बख्शी के लिखे वो गीत हैं जिन्हें मुकेश ने अपनी शानदार आवाज से सजाया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## X



**राहुल गांधी,** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष
@RahulGandhi
किसानों से किए वादों को पूरा करने में नाकाम मोदी सरकार का दुष्प्रचार तंत्र लगातार किसानों का अपमान करने में जुटा हुआ है। 378 दिन चले मैराथन संघर्ष के दौरान 700 साथियों का बलिदान देने वाले किसानों को भाजपा सांसद द्वारा बलात्कारी और विदेशी ताकतों का नुमाइंदा कहना भाजपा की किसान विरोधी नीति और नीयत का एक और सबूत है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
श्री नाथ जी शरणं ममः, श्री ठाकुर जी शरणं ममः। आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर धर्मनगरी पूंछरी का लौठा, डीग में श्री नाथ जी मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से प्रभु के पावन दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**J&K विधानसभा चुनाव: कांग्रेस-नेशनल कान्फ्रेंस में तय सीटों का बंटवारा... एनसी के 18 प्रत्याशी घोषित**

# फॉर्मूला तय... कांग्रेस 32 और नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**पांच सीटों पर होगा मैत्रीपूर्ण मुकाबला, एक -एक सीट माकपा व पेंथर्स पार्टी को दी**

**एजेंसी** | जम्मू

कांग्रेस और नेशनल कॉन्जफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के बाद सीटों के बंटवारे में बाधा बनी गुत्थी को भी सुलझा लिया है। अब तय फॉर्मूले तहत कांग्रेस प्रदेश की 32 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारेगी।

वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा पांच सीटों पर दोनों अपने-अपने प्रत्याशी उतारेंगे। इन सीटों पर दोनों पार्टियां मैत्री पूर्ण मुकाबले के तौर पर चुनाव लड़ेंगी। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 18 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। सीटों के बंटवारे पर पेच फंसने पर कांग्रेस ने सोमवार को केसी वेणुगोपाल और सलमान खुर्शीद को संकट मोचक बनाकर जम्मू-कश्मीर भेजा था। दोनों नेताओं ने फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला से मुलाकात कर सीटों के बंटवारे पर सहमति कायम की।



नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि हमने यह अभियान शुरू किया है कि हम दोनों मिलकर उन ताकतों के खिलाफ लड़ेंगे जो यहां लोगों को बांटने की कोशिश कर रही हैं। पूरे देश और भारत का गठबंधन इसलिए बनाया गया था ताकि हम उन ताकतों से लड़ सकें जो देश को सांप्रदायिक बनाना, बांटना और तोड़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि आज हमने बातचीत पूरी कर ली है और बहुत अच्छे सौहार्दपूर्ण माहौल में समन्वय भी किया है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सीट बंटवारे पर राज्य कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस 32 पर और हम पांच सीटों पर मैत्रीपूर्ण लेकिन अनुशासित मुकाबला करने पर सहमत हुए हैं। इन 88 सीटों के अलावा, हमने एक सीट माकपा एक सीट पैंथर्स पार्टी के लिए छोड़ी है।

### बनेगी हमारी सरकार: वेणुगोपाल

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर की आत्मा को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। हमारे गठबंधन का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर की आत्मा को बचाना है, इसलिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में एक ऐसी सरकार बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ पूरी तरह से अनुकूल हो। हमने चर्चा की है और हम एक सूत्र पर पहुंचे हैं जिसे अब हमारे नेता साझा करेंगे। हम एक साथ लड़ेंगे, हम जम्मू-कश्मीर जीतेंगे। हम जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाएंगे। ज्ञात रहे कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने गत दिनों जम्मू कश्मीर का दौरा किया और फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला से मिलकर तय किया था कि वे विधानसभा का चुनाव मिलकर लड़ेंगे। जम्मू-कश्मीर की कुल 90 विधानसभा सीटों पर तीन चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर हो होना है।

---

### राज्यसभा चुनाव: दो BJP प्रत्याशी निर्विरोध जीते

**गुवाहाटी।** असम की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को राज्यसभा की दो सीटें निर्विरोध जीत ली हैं। सोमवार को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख थी, जबकि राज्य में होने वाले राज्यसभा उप चुनाव के लिए भाजपा से केवल दो ही उम्मीदवार मैदान में थे। इसलिए उन दोनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों रामेश्वर तेली और मिशन रंजन दास का निर्विरोध चयन हो गया। इन दोनों नेताओं ने पिछले हफ्ते अपना नामांकन दाखिल किया था। सोमवार को नामाकंन वापसी की अवधि खत्म होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर राजीब भट्टाचार्य ने दोनों को निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र दिया।

### कांग्रेस सांसद वसंत राव चव्हाण का निधन



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ से कांग्रेस के लोकसभा सांसद वसंत राव चव्हाण का सोमवार को निधन हो गया। 69 साल के चव्हाण पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान, रविवार आधी रात को उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद सोमवार सुबह 4 बजे उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नांदेड़ में होगा। यह जानकारी महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दी। कुछ दिन पहले ही सांस लेने में तकलीफ और लो ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद उन्हें नांदेड़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ समय तक इलाज कराने के बाद, उन्हें डॉक्टर की सलाह पर एयर एम्बुलेंस से हैदराबाद ले जाया गया। इस साल खराब स्वास्थ्य के बावजूद उन्होंने नांदेड़ लोकसभा सीट जीती थी।

---

**J&K विस चुनाव: विरोध हुआ तो भाजपा ने पहली सूची ली वापस**

# फिर दो सूचियों में जारी किए 15+1 उम्मीदवारों के नाम

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को 44 उम्मीदवारों की पहली सूची करते ही विरोध शुरू हो गया।जिस पर पार्टी ने इस सूची को वापस ले लिया और सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी सूची को डिलीट कर दिया गया।

बाद में 15 उम्मीदवारों की नई सूची जारी की गई। इस सूची में पहले चरण में मतदान वाली सीटों को शामिल किया गया है। इसके बाद पार्टी ने एक और सूची जारी कर कोकरनाग सीट से चौधरी रोशन हुसैन गुज्जर को प्रत्याशी घोषित किया गया। वापस ली गई पहली सूची में इस सीट के लिए उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया गया था। कोकरनाग विधानसभा सीट पर भी पहले चरण में 18 सितंबर को वोटिंग है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने कहा, पार्टी ने पहले चरण के मतदान के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं। हम कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों से भी बात कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सूची में कई नामी चेहरों के नाम गायब थे। इनमें पूर्व उप मुख्यमंत्रियों निर्मल सिंह, कवींद्र गुप्ता और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना का नाम शामिल हैं। पूर्व मंत्री सतपाल शर्मा, प्रिया सेठी और श्याम लाल चौधरी का नाम भी नदारद था। दिलचस्प बात ये है कि केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के भाई देवेंद्र राणा का नाम वापस ली जा चुकी सूची में शामिल था जो नैशनल कॉन्फ्रेंस छोड़कर भाजपा में आए थे। सूची में कई ऐसे नाम थे जो नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, पैंथर्स पार्टी और कांग्रेस को छोड़कर आए थे। देवेंद्र राणा की तरह ही नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़कर भाजपा में आए पूर्व मंत्री मुश्ताक बुखारी को सुरनकोट सीट से टिकट दिया गया था। वहीं, पीडीपी से आए मुर्तजा खान को मेंढर से टिकट मिला था। कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व मंत्री श्याम लाल शर्मा को जम्मू नॉर्थ से उम्मीदवार घोषित किया गया था।



### दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को तरजीह से बढ़ा कलह

दूसरी पार्टियों को छोड़कर आए नेताओं को टिकट वितरण में तरजीह मिलने से कार्यकर्ताओं का असंतोष खुलकर सामने आ गया। सबसे ज्यादा नाराजगी जम्मू नॉर्थ से ओमी खजुरिया का टिकट कटने पर दिखी। यहां से कांग्रेस से आए श्याम लाल शर्मा को पार्टी ने टिकट दिया था, लेकिन बाद में सूची वापस लेनी पड़ी। आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जम्मू भाजपा के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने ओमी खजुरिया के पक्ष में नारेबाजी करते हुए उन्हें टिकट देने की मांग की और ऐसा नहीं होने पर सामूहिक इस्तीफों की धमकी दी।

### क्या हुआ

- भाजपा ने 44 प्रत्याशियों की सूची जारी की।
- इसमें प्रथम चरण की 15, दूसरे चरण की 10 और तीसरे चरण की 19 सीटों के नाम थे
- जम्मू क्षेत्र से 36 और कश्मीर घाटी के 8 प्रत्याशी घोषित किए गए

### विरोध का कारण

- नाराज कार्यकर्ताओं ने पैराशूट उम्मीदवारों टिकट देने का आरोप लगाया। दूसरे दलों से आए नेताओं को क्यों तरजीह दी गई?
- पार्टी के निष्ठावान नेताओं की उपेक्षा क्यों की गई?
- भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन।

### नतीजा

- विरोध बढ़ा तो सूची वापस ले ली गई।
- 15 प्रत्याशियों की संशोधित सूची जारी की लेकिन नहीं बदले चेहरे। बाद में एक और प्रत्याशी घोषित
- पैराशूट उम्मीदवारों के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश

### 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी, PM मोदी व शाह संभालेंगे कमान

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची सोमवार को जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। सूची में पीएम मोदी व गृह मंत्री शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम प्रमुख है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, जी किशन रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और स्मृति ईरानी और जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर अन्य प्रमुख चेहरे हैं जो चुनाव प्रचार के दौरान जम्मू और कश्मीर का दौरा करेंगे।

---

**सियासी उलटबांसी जारी**

# फिर दिल्ली पहुंचे चंपई, भाजपा में जाने के कयास तेज

■ 6 महीने से चंपई के संपर्क में हूं: सरमा

**एजेंसी** | नई दिल्ली/रांची



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलें फिर तेज हो गई हैं। खबर है कि चंपई भाजपा के शीर्ष नेताओं से मिलने दिल्ली गए हैं।

बताया जा रहा है कि वह अगले दो-तीन दिनों में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसी बीच, असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि वह पिछले छह महीनों से चंपई सोरेन के संपर्क में हैं। हिमंता ने सोमवार को रांची में कहा कि वह चाहते हैं कि झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन भाजपा में शामिल हों और हमें मजबूत करें। हालांकि, वह इतने वरिष्ठ हैं कि मैं उन पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।'

सीएम सरमा ने आगे कहा, 'हालांकि, अगर वह (चंपाई सोरेन) दिल्ली में हैं, तो हम बात करने की कोशिश करेंगे। मैं पिछले छह महीनों से उनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बात कर रहा हूं। हालांकि हमने कभी भी राजनीति पर चर्चा नहीं की। ऐसा लगता है कि अब समय आ गया है कि हम राजनीति पर बात कर सकें।ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि चंपाई सोरेन मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संपर्क में हैं। हालांकि इसे लेकर उन्होंने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते चंपाई सोरेन कोलकाता से होते हुए दिल्ली पहुंचे थे। हालांकि उन्होंने अपने दौरे को निजी बताया था। उस दौरान उन्होंने एक्स पर एक भावुक पोस्ट भी किया था। झामुमो और हेमंत सोरेन को लेकर उनकी नाराजगी साफ-साफ दिख रही थी।

### चंपई के पीछे-पीछे कई नेता भी पहुंचे दिल्ली

इधर,चंपाई सोरेन के पीछे-पीछे एनडीए के कई वरिष्ठ नेता भी दिल्ली पहुंचे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा और आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो दिल्ली गए हैं। सुदेश महतो नई दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात करेंगे। वहीं असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा भी दिल्ली पहुंच चुके हैं।

---

**भाजपा ने कंगना के बयान से किया किनारा... दी नसीहत**

## भविष्य में न दें नीतिगत मामलों पर बयान

**नई दिल्ली।** भाजपा ने किसान आंदोलन को लेकर हिमाचल प्रदेश के मंडी से पार्टी की सांसद कंगना रनौत को उनके किसान आंदोलन को लेकर एक पर कड़ी फटकार भी लगाई है।

पार्टी ने सोमवार को कंगना के बयान से किनारा करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें नीतिगत विषयों पर बोलने की अनुमति नहीं दी है और न ही वह इसके लिए अधिकृत हैं। भाजपा ने इसके साथ ही कंगना को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में इस तरह का कोई भी बयान न देने की नसीहत भी दी है। भाजपा ने कहा है कि पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के साथ सामाजिक सद्भाव के सिद्धांतों का पालन करने के लिए दृढ़ संकल्प है। दरअसल, रविवार को कंगना ने कहा था कि अगर सरकार ने कड़े कदम नहीं उठाए होते तो किसानों के विरोध प्रदर्शन से बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी।



---

**लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पहल**

## लद्दाख में बनेंगे नए पांच नए जिले, पहले थे मात्र दो

**ये होंगे नए जिले: जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग**

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि इन जिलों के नाम जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि लद्दाख को समृद्ध बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करने के लिए गृह मंत्रालय ने पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है। इससे लद्दाख के लोगों को बेहतर प्रशासन और सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी। मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए अवसर उपलब्ध करवाने को प्रतिबद्ध है।

बता दें कि 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। इसके बाद लद्दाख अलग केंद्र शासित प्रदेश बन गया। फिलहाल लद्दाख में दो ही जिले थे। एक कारगिल और दूसरा लेह। वहीं, नए जिलों के साथ जिलों की कुल संख्या सात हो जाएगी। 31 अक्टूबर 2019 को लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना था। पांच नए जिलों के गठन को मंजूरी देने के साथ ही गृह मंत्रालय ने लद्दाख प्रशासन को नए जिलों से संबंधित विभिन्न पहलुओं जैसे मुख्यालय, सीमाएं, संरचना, पदों का सृजन और जिला गठन से संबंधित अन्य पहलुओं का मूल्यांकन करने के लिए एक समिति बनाने का निर्देश दिया है।

---

**आगरा में वीर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण**

# बटेंगे तो कटेंगे.. एक रहेंगे तो नेक और सुरक्षित रहेंगे: मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगरा में लोगों को बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए चेताया कि बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता है। राष्ट्र तभी सशक्त होता जब हम एक रहेंगे और नेक रहेंगे। हमें विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करना है।

सीएम योगी ने आगरा में जन्माष्टमी के अवसर पर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिम का अनावरण करते हुए कहा कि आगरा के कण-कण में कन्हैया का वास है। यहां कला है, आस्था है, समर्पण है, विश्वास है। ये ही राष्ट्र की निष्ठा बढ़ाती हैं।

उन्होंने कहा कि समाज, जाति, भाषा के नाम पर बांटने वाली ताकतों से सावधान रहना होगा। दस साल से वीर दुर्गादास की प्रतिमा मेरा इंतजार कर रही थी। आज 10 साल बाद यह काम पूरा हो पाया है।

योगी ने कहा कि बहुत सारे लोग थे जिन्होंने मुगलों और अंग्रेजों के सामने समर्पण कर दिया था। लेकिन आज हम राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर का नाम ले रहे हैं। एक बार राजस्थान जाइए, देखिए उनकी पूजा होती है। जोधपुर में श्रद्धा का भाव देखने को मिलता है। मैं इसी श्रद्धा के भाव को मजबूत करने के लिए आया हूं।



### काकोरी के शहीदों को किया याद

सीएम योगी ने कहा कि हम सभी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण ऐसे समय में कर रहे जब हम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में दर्ज काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष मना रहे है। देश की आजादी में नौ अगस्त 1925 में लखनऊ में पं. राम प्रसाद बस्मिलि, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने ट्रेन एक्शन की घटना को अंजाम देकर उस समय अंग्रेज हुकूमत को चुनौती दी थी। उस समय ट्रेन एक्शन में क्रांतिकारियों में 4600 रुपए मिले थे लेकिन क्रांतिकारियों को गिरफ्तार करने और सजा दिलाने में अंग्रेजों ने 10 लाख रुपए खर्च किए थे। लेकिन तब भी भारत की आजादी की लड़ाई कमजोर नही पड़ी। यह हमारा सौभाग्य है कि भारत माता के इन महान सपूतों को जिन्होंने विदेशी हुकूमत की चूलों को हिलाने के लिए लगातार कार्य किया। उनको शरणागत करने के लिए, उन्हें सम्मान देने के लिए, उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने के लिए और उनका स्मरण करने के लिए काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष के बहाने भारत के सभी राष्ट्र नायकों, राष्ट्रवीरों को सम्मान दे रहे हैं।

### जिम्मेदार लोगों का काम भय फैलाना नहीं: अखिलेश यादव



इस बीच, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि जिम्मेदार लोगों का काम भय से बचाना होता है, भय फैलाना नहीं होता है। अखिलेश ने सीएम योगी के बयान वाले वीडियो को भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया है। अखिलेश ने वीडियो के साथ अपनी पोस्ट में लिखा कि अगर ये किसी के व्यक्तिगत विचार हैं तो गलत हैं और अगर उनके दल के हैं तो और भी ज्यादा गलत हैं। भाजपा राज में बने भय के इस वातावरण में क्या डबल इंजन कहीं दुबक कर जा बैठा है। अखिलेश ने आगे लिखा कि यह बयान निंदनीय है। वहीं मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं, कम से कम उन्हें प्रधानमंत्री का रोल प्ले नहीं करना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि देश की विदेश नीति से जुड़े मामले देखने का कार्य प्रधानमंत्री का है। भारत सरकार का है। भारत सरकार का यह काम है कि देखे दुनिया में किस देश के साथ कैसा संबंध रखना है। यह पहली बार मुख्यमंत्री नहीं कह रहे हैं। मुख्यमंत्री पहले भी कह चुके हैं। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली वाले (केंद्र सरकार) उन्हें समझाएंगे कि दिल्ली वाले फैसलों में वह हस्तक्षेप न करें।

## जरूरी खबर

### खरगे के बेटे को भूमि आवंटन पर उठाया सवाल



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी ने नए जमीन घोटाले का दावा किया है। भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा, खरगे परिवार कब एयरोस्पेस उद्यमी बन गया जिससे वह केआईएडीबी भूमि के लिए पात्र हो गया? क्या यह सत्ता के दुरुपयोग, भाई-भतीजावाद और हितों के टकराव के चलते है?' राज्य सरकार में भारी और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने सोमवार इन आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रक्रिया में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया।

### इस्कॉन मंदिर में लाठी चार्ज, कई श्रद्धालु घायल

**पटना।** पटना के इस्कॉन मंदिर में सोमवार को पुलिस ने भीड़ पर लाठी चार्ज किया है। यह घटना तब हुई जब मंदिर का गेट खुलते ही भीड़ अंदर घुसने के लिए बेकाबू हो गई। भीड़ को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। हालांकि मंदिर के प्रवक्ता नंद गोपाल ने इस बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज नहीं किया गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि इस्कॉन मंदिर के बाहर शाम होते ही लोग जुटने लगे। देर शाम होते-होते भीड़ इतनी हो गई कि वह वहां तैनात पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गई। निर्धारित समय पर मंदिर का गेट जैसे ही खोला गया, पूरी की पूरी भीड़ मंदिर के अंदर जाने लगी। श्रद्धालु मंदिर में किसी भी तरह से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।

### मणिपुरः पेट्रोल पंपों पर तैनात होगी पुलिस

**इंफाल।** मणिपुर में ईंधन की कमी के चलते राज्य सरकार ने पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात करने का फैसला लिया है। राज्य के उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री एल. सुसिंद्रो ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि पेट्रोल पंपों पर पुलिस कर्मियों के साथ विभाग के कर्मचारी भी तैनात किए जाएंगे। मंत्री सुसिंद्रो ने चेतावनी दी कि अगर पेट्रोल पंपों के मालिक ईंधन उपलब्ध होने के बावजूद उसे बेचने से इनकाकर करते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग ईंधन भरवाने के बाद भुगतान किए बिना पेट्रोल पंपों से चले जाते हैं।

## रक्षा मंत्री ने भारतीय समुदाय को किया संबोधित



*नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी अमरीका यात्रा के अंतिम दिन 25 अगस्त को टेनेसी के मेम्फिस में स्थित राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय का दौरा किया और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की। यह राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय 17वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान तक अमरीका में नागरिक अधिकार आंदोलन के इतिहास को दर्शाता है। इस संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा भी है, जो अहिंसा के साथ संघर्ष के लिए उनकी प्रेरणा को दर्शाती है। इस मौके पर भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह।*

### तटरक्षक बल ने समुद्र में फंसे 11 नाविकों को बचाया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय तट रक्षक बल ने रविवार रात एक साहसिक अभियान चलाकर एक मालवाहक जहाज के डूबने के बाद जीवन रक्षक नौकाओं में फंसे 11 नाविकों को समय रहते सुरक्षित बचा लिया। भारतीय तट रक्षक के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मुंबई में पंजीकृत यह सामान्य मालवाहक जहाज एमवी आईटीटी प्यूमा कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर के रास्ते में सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से लगभग 90 समुद्री मील दक्षिण में डूब गया था। मुंबई में पंजीकृत सामान्य मालवाहक जहाज कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जा रहा था। कोलकाता में आईसीजी के क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पूर्व) ने तत्काल दो आईसीजी जहाजों और एक डोर्नियर विमान को घटनास्थल पर भेजा। उन्नत रात्रिकालीन सेंसर से लैस डोर्नियर विमान ने बहते हुए जीवन रक्षक राफ्ट का पता लगाया और संकटग्रस्त चालक दल से बचने के लिए भेजे जा रहे लाल फ्लेयर्स देखे। बाद में समन्वित अभियान चलाकर नाविकों को बचा लिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन से बात

# यूक्रेन और बांग्लादेश के हालात पर हुई गहन चर्चा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके और बाइडेन के बीच कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हालात और यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा सबसे अहम रहीं।

यूक्रेन के हालात पर भारत और अमेरिका के नेताओं की यह बात ऐसे वक्त हुई जब रूस और यूक्रेन के बीच जंग और तेज होती नजर आ रही है। ध्यान रहे कि पीएम मोदी ने भारत की तरफ से इस युद्ध को खत्म करवाने में हर संभव मदद का भी भरोसा दिया। पीएम मोदी ने बताया- हमारे बीच यूक्रेन समेत कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर गहन बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन में शांति और स्थायित्व के लौटने के प्रति पूर्ण समर्थन जताया। हमने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चर्चा की और देश में सामान्य स्थिति के लौटने और अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की।



### ऑस्ट्रेलिया के पीएम से भी हुई बात

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को क्वाड में शामिल ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज से भी हुई। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पीएम मोदी और प्रधानमंत्री अल्बनीज ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति और बहुराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग के लेकर बात की।

### हाल ही में यूक्रेन दौरे पर थे पीएम मोदी

ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने 23 अगस्त की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से द्विपक्षीय बातचीत की थी। इसके साथ ही उन्होंने यूक्रेन की धरती से युद्ध को खत्म करने के लिए कूटनीति औऱ बातचीत के उपायों की खुलकर वकालत की थी। इतना ही नहीं राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी कहा था कि अगर भारत यूक्रेन शांति वार्ता की मेजबानी करता है तो वो आने को लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि बांग्लदेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर नहीं रुक रहा है। इतना ही नहीं सरकारी विभागों, विश्वविद्यालयों और प्रमुख संस्थानों से हिंदु कर्मचारियों को हटाए जाने की भी कई रिपोर्ट सामने आई हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर भारत के कई शहरों में जहां प्रदर्शनों का सिलसिला चल रहा है। वहीं अमेरिका के कई शहरों में हिंदु समुदाय इस मामले को लेकर अमेरिका सरकार पर दबाव बनाने में जुटा है।

## BCCI सचिव जय शाह ने की पुरस्कारों की घोषणा

# घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों पर अब होगी धन की बारिश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को घरेलू स्तर पर सभी महिला और जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिताओं में 'प्लेयर ऑफ द मैच' (मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' (टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) पुरस्कार विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत की। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुरुष क्रिकेट में विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली प्रतियोगिता में 'प्लेयर ऑफ द मैच' के लिए पुरस्कार राशि दी जाएगी।

जय शाह ने एक ट्वीट में कहा कि, हम अपने घरेलू क्रिकेट कार्यक्रम के तहत सभी महिला और जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके अतिरिक्त सीनियर पुरुषों के लिए विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य घरेलू सर्किट में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। जय शाह ने कहा, इस प्रयास में अटूट समर्थन के लिए शीर्ष परिषद को हार्दिक धन्यवाद। साथ मिलकर हम अपने क्रिकेटरों के लिए और अधिक बेहतर माहौल तैयार कर रहे हैं।



### पहले भी बढ़ाई थी पुरस्कार राशि

पिछले साल बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंटों के लिए पुरस्कार राशि में वृद्धि की थी और रणजी ट्रॉफी विजेता को पांच करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया था। ईरानी कप के लिए नकद पुरस्कार भी दोगुना कर दिया गया था जिसमें विजेताओं को 25 लाख रुपये के बजाय 50 लाख रुपये दिए गए थे और उपविजेता टीम को 25 लाख रुपये दिए गए थे। दलीप ट्रॉफी में अब चैंपियन को एक करोड़ रुपये और उपविजेता टीम को 50 लाख रुपये मिलते हैं जबकि विजय हजारे ट्रॉफी के विजेताओं को एक करोड़ रुपये और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 50 लाख रुपये मिलते हैं।

## कश्मीरी लड़कियों से बातचीत में बोले कांग्रेस नेता राहुल गांधी

# शादी की योजना नहीं, हो जाती है तो ठीक

**श्रीनगर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वह शादी करने की योजना नहीं बना रहे हैं, लेकिन अगर होती है तो ठीक है। हालांकि, वह 20-30 वर्षों से शादी के दबाव से बाहर निकल चुके हैं।

राहुल ने पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान कश्मीरी छात्राओं के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कश्मीरी छात्राओं के एक समूह के साथ इस बातचीत का वीडियो सोमवार को अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। वीडियो में दिख रहा है कि कश्मीर की छात्राओं ने उनसे शादी की योजना के बारे में सवाल किया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं शादी का प्लान नहीं बना रहा हूं। उन्होंने उन लड़कियों से यह भी कहा कि वह अपनी शादी में उन्हें आमंत्रित करेंगे।



राहुल गांधी ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश को दिल्ली से चलाने का कोई मतलब नहीं है।

## महिला डॉक्टर से रेप व हत्या का मामला, पॉलीग्राफी टेस्ट में खुलासा

# रेडलाइट एरिया गया...छेड़छाड़ की और जुर्म कबूला

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर करने के मुख्य आरोपी संजय रॉय की पॉलीग्राफ टेस्ट रिपोर्ट में कई अहम खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट में इस बात का ब्योरा दिया गया है कि संजय ने मर्डर से पहले क्या-क्या किया। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने रविवार को संजय का पॉलीग्राफ टेस्ट किया था। रिपोर्ट के मुताबिक संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान अपना जुर्म कबूल किया है। इसमें उसने मर्डर की रात की पूरी कहानी बयां की है। उसने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ कोलकाता के दो रेडलाइट इलाके में गया था। हालांकि वहां पर उसने सेक्स नहीं किया। इसके अलावा उसने यह भी स्वीकार किया है कि उसने एक लड़की के साथ छेड़खानी भी की थी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज है।

### टॉस्क फोर्स की बैठक आज

देशभर के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाए गए नेशनल टास्क फोर्स की पहली मीटिंग मंगलवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह 14 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठित की थी।

### पूर्व प्राचार्य संदीप घोष पर FIR दर्ज

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का नाम एफआईआर में दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक एजेंसी ने उनके कार्यकाल के दौरान संस्थान में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में एफआईआर दर्ज की है।

## गगनयान मिशन की तैयारी

# महिला रोबोट व्योममित्र को अंतरिक्ष में भेजगा इसरो

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) गगनयान मिशन के तहत किसी इंसान को अंतरिक्ष में भेजने से पहले एक मानव रोबोट व्योममित्र को अंतरिक्ष में भेजने की तैयार करली है।

इसरो की योजना इस महिला रोबोट को सितंबर 2024 से अंतरिक्ष भेजने की है। इसके पीछे का उद्देश्य मानव शरीर पर अंतरिक्ष यात्रा के प्रभावों पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र करना है। इससे वैज्ञानिकों को अगले साल अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित और आरामदायक उड़ान के लिए अंतरिक्ष कैप्सूल को डिजाइन करने में मदद मिलेगी। अगले साल इसरो गगनयान मिशन में तीन एस्ट्रोनॉट को अंतरिक्ष में भेजेगा। महिला रोबोट व्योममित्र यह अंतरिक्ष यात्रियों की तरह काम करेगी। यह गगनयान के क्रू मॉड्यूल को पढ़ेगी और जरूरी निर्देशों को समझेगी। इसके साथ ही यह ग्राउंड स्टेशन में मौजूद वैज्ञानिकों और मिशन की टीम से सम्पर्क करके बात करेगी। इस मानवरहित मिशन के परिणाम से ही इंसान को अंतरिक्ष में भेजे जाने का रास्ता खुलेगा।



गौरतलब है कि 'गगनयान' के लॉन्च से पहले परीक्षण वाहन फ्लाइट टीवी डी1 का टेस्ट पिछले साल 21 अक्टूबर को पूरा किया गया था। इसका उद्देश्य क्रू एस्केप सिस्टम और पैराशूट सिस्टम को सटीक बनाना था। गगनयान परियोजना में अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल को 400 किलोमीटर की कक्षा में लॉन्च करके और फिर इन मानव अंतरिक्ष यात्रियों को भारत के समुद्री जल में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष क्षमताओं के प्रदर्शन की योजना है।

### व्योममित्र की खोपड़ी का डिजायन तैयार

इसरो की तिरुवनंतपुरम टीम ने महिला रोबोट व्योममित्र के लिए खोपड़ी का डिजाइन तैयार कर लिया है। इसका वजन 800 ग्राम है और माप 200 मिमी x 220 मिमी है। मानव रोबोट व्योममित्र की तैयार खोपड़ी अंतरिक्ष में दबाव और कंपन को सहन करने के लिए उच्च शक्ति वाले एल्यूमीनियम मिश्र धातु से बनी है। व्योममित्र इंसानी शरीर के ऊपरी भाग जैसा होगा, जिसमें मानव जैसी भुजाएं, चेहरा और गर्दन भी होगी। यह इंसानों जैसे कार्य करने और अंतरिक्ष यात्रा के प्रभावों का आकलन करने के लिए सेंसर से लैस होगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आईआईएसयू के निदेशक पद्म कुमार ईएस ने कहा है कि व्योममित्र गगनयान मिशन में उड़ान भरने वाले अर्ध-मानव की तरह है। इसका ग्राउंड क्वालिफिकेशन परीक्षण पूरा हो चुका है। उड़ान प्रणाली का निर्माण हो चुका है और स्वीकृति परीक्षण अभी प्रगति पर है। गौरतलब है कि अंतरिक्ष में मानव भेजने के लिए गगनयान मिशन इसरो का पहला प्रयास है। लेकिन उससे पहले इसरो दो मानवरहित मिशन, गगनयान-1 (G-1) और गगनयान-2 (G-2) को लॉन्च करेगा। ये दोनों मिशन इस साल के अंत तक अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले साल गगनयान मिशन में तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को तीन दिनों के लिए पृथ्वी की सतह से लगभग 400 किमी दूर अंतरिक्ष में ले जाएगा।

## गुजरात में भारी बारिश, कई इलाके जलमग्न

# 17,827 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**गांधीनगर।** गुजरात में गत दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण राज्य के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं और हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। बरसाती नदियां उफान हैं। इसके चलते कई जिलों के निचले इलाकों में पानी भर गया। राज्य में अब तक 17,827 लोगों को जलमग्न इलाकों से निकाला गया है।

यही नहीं बढ़ में बुरी तरह फंसे 1,653 लोग बचाए गए हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनसेरिया ने बताया कि प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालय मंगलवार को बंद रहेंगे। भारी बारिश से तीन लोगों की मौत भी हुई है, तो वहीं दूसरी तरफ मोरबी में ट्रैक्टर के बन जाने पर 11 लोगों को बचाने के बाद बाकी सात लोगों की खोजबीन अभी भी जारी है। बाढ़ प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने मोर्चा संभाल लिया है। एनडीआरएफ की 13 टीमें और एसडीआरएफ की 22 टीमें तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भारी बारिश के प्रभाव का आकलन करने के लिए सोमवार को गांधीनगर में एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने जिला कलेक्टरों और नगर आयुक्तों को निर्देश दिया कि सरकार की पहली प्राथमिकता जान-माल की हानि को रोकना होनी चाहिए।

**फोटोग्राफी महाकुंभ:** फोटो एग्जीबिशन का समापन, विभिन्न श्रेणियों में विजेता पुरस्कृत

# 300 फोटोग्राफर्स की 600 फोटो में से पालीवाल की तस्वीर 'विराट'

बेधड़क.जयपुर। जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान फोटो फेस्टिवल की सहभागिता में आयोजित इंटरनेशनल नजर फोटो एग्जीबिशन के तीसरे संस्करण का हुआ समापन किया गया। एग्जीबिशन के तीसरे दिन विधायक बालमुकुंद आचार्य, हेरिटेज मेयर मुनेश गुजर, आदर्श नगर से रवि नैयर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पत्नी सुनीता गहलोत, आईपीएस सचिन मित्तल, आईपीएस हेमंत शर्मा, झनेश्वर चौधरी, डॉ. विवेक शर्मा, नितिन गोधा ने शिरकत की।





### सम्मान दिया तो हुए रोमांचित

एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने सभी फोटोग्राफर का धन्यवाद किया। वहीं सत्येंद्र सिंह, सौम्या अग्रवाल, अदिति जैन, अपूर्वा चौधरी ने अतिथियों का सम्मान किया तो वे रोमांचित हो उठे।

### इन्होंने पहना विजेता का ताज

समापन पर अलग-अलग श्रेणियों में विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें विराट पालीवाल प्रथम, द्वितीय सुशील और तृतीय अनन्या शर्मा रहीं। फोटो जर्नलिस्ट केटेगरी में प्रथम झारखंड से सुभोजित घोषाल, बीकानेर से दिनेश गुप्ता और जयपुर से दिनेश बगड़ा विजेता रहे। साथ ही सांत्वना पुरस्कार अग्रोनील मंडल, वरुण पांडे, लक्षित कुमावत, हनी जांगिड़, विक्रम सोनी, दुर्गेश नंदिनी, कीर्ति शर्मा, विवेक ककर को दिया गया। अतिथि राघव गोयल और अनूप श्रीवास्तव ने स्टूडेंट को मैडल और सेर्टिफिकेट देकर समानित किया।



## जैनागम बचाना युवाओं का कर्तव्य



**बेधड़क. जयपुर।** मुनि प्रणम्य सागर ने आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण के चौथे अधिकार का वाचन किया गया। मुनि ने कहा कि जीवन का उद्देश्य क्या हम बना चुके हैं? पर होना क्या चाहिए? इस पर हमें सोचना चाहिए। रीतियों और धर्म के रिवाज का कोई अंत करो ना करो पर धर्म छुपना नहीं चाहिए। मुनिश्री ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि हमें हमारी संस्कृति की खोज करनी चाहिए। समाज, संस्कृति और जैनागम को बचाना युवाओं का कर्तव्य है। इसलिए हमें समाज, संस्कृति व जैनागम को बचाने का उद्देश्य बनाना चाहिए।

## 'समाज रत्न' सम्मान आज

**बेधड़क. जयपुर।** बिड़ला ऑडिटोरियम में समाज रत्न सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। श्रीराजपूत करण सेना के लोकेंद्र सिंह कालवी की 68वीं जन्मजयंती पर होने वाले समारोह में सुबह 11 बजे से समाज की कई प्रतिभाएं उपस्थित होंगी। प्रोग्राम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को भी आमंत्रित किया गया है।

## 40 हजार कर्मचारी होंगे लाभान्वित




**बेधड़क. जयपुर।** सरकार द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा की गई है। इस पेंशन योजना से उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग 40 हजार रेलकर्मी लाभान्वित होंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे, मुख्यालय में हुई प्रेस कॉन्फ्रेस में यह जानकारी दी गई। प्रदीप कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी/उत्तर पश्चिम रेलवे ने बताया कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम में मुख्य बिंदु-सुनिश्चत पेंशन, पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन के प्रावधान है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि राजीव सिंह, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से यूनिफाइड पेंशन स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रेस वार्ता में प्रदीप कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, राजीव सिंह, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन, जी.के. मीना, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, संजीव दीक्षित, अपर मण्डल रेल प्रबंधक-जयपुर व डॉ. हिना अरोड़ा, वरि. मण्डल कार्मिक अधिकारी जयपुर उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### दही हांडी प्रतियोगिता में दिखा उत्साह



**बेधड़क. जयपुर।** जन्माष्टमी पर गोकुलम-2024 महोत्सव व छठी दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल गोपाल प्रतियोगिता में बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में आए। इस अवसर पर बच्चों ने हांडी मेकिंग, कालिया नाग मर्दन, माखन चोरी लीला आदि की झांकियां सजाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी, आरएसएस प्रचारक निम्बाराम, सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा, विधायक हेमंत मीणा, पूर्व सांसद रामचंद्र बोहरा, राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा और विधायक गोपाल शर्मा मौजूद रहे। मुंबई की तर्ज पर प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

### गर्भ कल्याणक में लगे जयकारे

**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए। सुबह मंत्रोच्चार से श्रीजी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। भगवान शांतिनाथ की अष्ट द्रव्य से पूजा की गई। गर्भ कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। भगवान शांतिनाथ की महाआरती से समापन हुआ।

### रॉबिन हुड आर्मी ने खिलाया क्रिकेट




**बेधड़क. जयपुर।** रॉबिन हुड आर्मी ने जरूरतमंद 10 मिलियन नागरिकों की सेवा करने के लिए अभियान में 3 लाख से अधिक नागरिकों को सेवा की। इस दौरान जयपुर में 15 से 25 अगस्त तक काम किए गए। जयपुर से सोनल अग्रवाल ने बताया कि ऋषिकुल विजय कैंपस में एक सिटीजन कप का आयोजन किया गया। प्रतिभाशाली बच्चों की 8 टीमों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों के लिए कस्टम जर्सी, नए जूते, भोजन, जलपान की व्यवस्था की गई।

**लिलिट दुबे के अभिनय ने किया रोमांचित**

## 'डांस लाइक अ मैन' ने कलाकारों की व्यथा को किया उजागर



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के कार्यकर्मों की श्रृंखला में नाटक का मंचन किया गया। डांस लाइक अ मैन नाटक को महेश दत्तानी ने लिखा और लिलिट दुबे द्वारा निर्देशित किया गया है। कहानी जयराज और रत्ना दो भरतनाट्यम नर्तक जो अपने चरम पर नहीं हैं, के जीवन की है। वो अपनी बेटी लता के साथ है, जो एक शानदार नर्तकी बनने की कगार पर है। उसकी सफलता के निकट आने से तनाव और जलन पैदा होती है और दर्शक परिवार के रिश्तों और पीढ़ियों के बीच संघर्षों के अंधेरे रहस्यों में उलझ जाते हैं। ऐसे में कहानी धीरे-धीरे आगे बढ़ती है और कई सवाल छोड़ता जाती है। नाटक में लिलिट दुबे ने जॉय सेन और सुचित्रा पिल्लई ने अभिनय किया। गौरतलब कि यह नाटक अंग्रेजी में सबसे लंबे समय तक चलने वाला भारतीय नाटक है, जिसके 675 से अधिक शो किए हैं। यह नाटक भारत के दर्जनों शहरों में और लंदन के वाटरमन्स आर्ट सेंटर में व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया है। नाटक ने न्यूयॉर्क के ट्रिबेका आर्ट्स सेंटर में दो हफ्तों तक ऑफ ब्रॉडवे रन किया है और यह ओरेगन, यूएसए में पोर्टलैंड इंटरनेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स फेस्टिवल, स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग फ्रिंज फेस्टिवल और दुनिया भर के कई शहरों में प्रस्तुत किया गया है। भारत में इस नाटक का प्रदर्शन दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद, कोट्टायम, चंडीगढ़, लुधियाना, कोचिन, अमृतसर और कई अन्य शहरों में भी किया गया है।

**रामबाग गोल्फ क्लब में मंथली गोल्फ टूर्नामेंट संपन्न**

## मंथली गोल्फ टूर्नामेंट में गोल्फर्स ने बेहतरीन शॉट से किया रोमांचित



बेधड़क | जयपुर

रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में दो दिवसीय छठा मंथली गोल्फ टूर्नामेंट 'एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग 2024' का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 4 हाउस (अल्बर्ट, जयगढ़, नहारगढ़ और आमेर हाउस) से प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। इसमें हेमेंद्र चौधरी (जयगढ़ हाउस) ग्रॉस विनर और ग्रॉस रनर-अप मनोविराज सिंह (अल्बर्ट हाउस) रहे। सभी विजेताओं को रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन शिरीष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और टूर्नामेन्ट कन्वनीर शरद अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्लब के कार्यकारी समिति सदस्य सचिन्द्र मिश्रा, योगेश बंसल, अजय सिंह खींची, डॉ. राजीव लोचन भी उपस्थित रहे। शिरीष सचेती ने बताया कि हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में विपुल मिश्रा (अल्बर्ट हाउस) विजेता और मनीष कुमावत (जयगढ़ हाउस) उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में रेहान अरोड़ा (जयगढ़ हाउस) विजेता और उपविजेता अभिषेक सांद (आमेर हाउस) थे। वहीं हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में मृगेन्द्र सिंह (नहारगढ़ हाउस) विजेता और अश्विनी सक्सेना (अल्बर्ट हाउस) उपविजेता रहे। टूर्नामेंट में वेटरन गोल्फर के विजेता सुनील मेहरोत्रा (आमेर हाउस) और उपविजेता कमल बोर्दिया (जयगढ़ हाउस) रहे। वहीं, लेडीज गोल्फर के विजेता का पुरस्कार शिक्षा जैन (अल्बर्ट हाउस) ने हासिल किया और उपविजेता सारा चौधरी (आमेर हाउस) रहीं।

**गोकुलोत्सव** | **श्रीनाथ मन्दिर में कलावृन्द की ओर से आयोजन**

## हवेली संगीत ने मोहा मन, कृष्णमय हुए कला अनुरागी

बेधड़क | जयपुर

फिजा में घुलता श्याम रंग, फूलों की बौछार, ब्रज भाषा के मधुर गीत, राधा नाम की रसधार', कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला श्रीनाथ मन्दिर में। जन्माष्टमी अवसर को ध्यान में रखते हुए कलावृन्द की ओर से गोकुलोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शिवनंदन सिंह, छवि जोशी व समूह ने हवेली संगीत की प्रस्तुति दी। मंच पर पहुंचे कलाकारों ने कृष्ण और राधा रानी की मनमोहक छवि को मंच पर साकार किया। 'गणपति आराधना, वृंदावन प्यारो वृंदावन, श्री कृष्ण की वंदना के साथ प्रस्तुति की शुरुआत हुई। इसके बाद कलाकारों ने किशोरी की वंदना कृष्ण पद पर मनमोहक गायन को बाल कलाकार पूर्विता व आद्विक की प्रस्तुति के साथ ब्रज यात्रा के सौंदर्य को साकार किया।




**ये रहे संगतकार:** कार्यक्रम में संगतकलाकारों में राघव शर्मा ने तबला वादन, कमल राणा ने ढोलक, रमेश बुनकर ने झांझ- मंजीरा, अनमोल ने बांसुरी व पीयूष कुमार ने सिंथेसाइज़र पर संगत की। गोकुलोत्सव समारोह को कलावृन्द सदस्यों के साथ विद्यासागर संस्थान ने सहयोग किया।


### कृष्ण रंग में रंगे दर्शक

समारोह में मौजूद दर्शकगण कृष्ण रंग में रंगे दिखाई दिए। इसी बीच नेहा जैन, अनुपमा शर्मा, पूजा व शालिनी के सामूहिक नृत्य प्रस्तुति ने सभी को रोमांचित कर दिया। प्रीतम हमारो प्राण, सांवरिया थारा घूंघर गीत गायन कर कलाकारों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हवेली प्रांगण में श्री कृष्ण की छवि ने दर्शकों का मन मोह लिया। जियो श्याम लाला, जुग जुग जीयो रे, नाचे नन्दलाल से जब समां बंधा तो सभी झूम उठे।



अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर जैसे हमले के बाद रूस का पलटवार, यूक्रेन में गिरी मिसाइलें-बम और ड्रोन्स

# रूस पर 9/11 जैसा हमला... बहुमंजिला इमारत से टकराया ड्रोन



■ 38 मंजिला इमारत से टकराया ड्रोन, पलटवार में रूस ने 100 मिसाइलें और 100 ड्रोन दागे

**एजेंसी** | कीव/मॉस्को

रूस के शहर सारातोव की सबसे ऊंची इमारत पर यूक्रेन ने ड्रोन हमला किया। वोल्गा स्काई रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स नाम की यह इमारत 38 मंजिल की है।

सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में इस घटनाक्रम को देखा जा सकता है कि कैसे एक ड्रोन तेजी से उड़ते हुए आता है। इमारत से टकरा जाता है। इमारत में तेज धमाका होता है। धुआं निकलता है। मलबा नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिरता है। ड्रोन हमले की वजह से इमारत चार फ्लोर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। तीन फ्लोर में तो बड़ा सा छेद हो जाता है। इस हमले में एक महिला बुरी तरह से जख्म हो गई। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये हमला एकदम अमेरिका पर हुए 9/11 अटैक जैसा था। सारातोव की इमारत पर हुए हमले के बाद रूस बौखला गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करने का आदेश दिया। जिसके बाद रूसी सेना ने यूक्रेन के कई शहरों में घातक हमले शुरू कर दिए हैं।

यूक्रेन के कीव, खारकीव, विनितीसिया, क्रीवी रीह, जैपोरिझिया, ख्मेलित्सकी, ओडेसा, डिनप्रो और अन्य शहरों में तेज धमाकों की आवाज सुनी गई है।

### सुबह 6 बजे बरसे आग के गोले-

लुत्सक शहर के मेयर ने जानकारी दी कि एक अपार्टमेंट इमारत बुरी तरह से रूसी हमले से क्षतिग्रस्त हुई है। ये । रूस ने यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया है। हमला सोमवार सुबह 6 बजे के आसपास हुआ। कीव के मेयर विताली क्लित्सको ने कहा कि कई जिले बिना बिजली सप्लाई के हैं। शहर के दाहिने इलाके में पानी सप्लाई भी बाधित है।

### रूस ने मिसाइल, बॉम्बर और आत्मघाती ड्रोन का किया इस्तेमाल

खारकीव के मेयर ने कहा कि उनके शहर में भी कई धमाके हुए हैं। यूक्रेन की सेना ने कहा कि 11 रूसी बॉम्बर एयरक्राफ्ट और सैकड़ों आत्मघाती ड्रोन्स के जरिए हमला किया गया है। हालांकि बाद में यूक्रेनी सेना ने छह बॉम्बर की पुष्टि की। इसके अलावा रूस ने कई तरह की मिसाइलों से यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमला किया।

### कुर्स्क इलाके पर हमले के बाद यूक्रेन ने बढ़ाए हमले

इस बीच यह खबर भी मिली है कि यूक्रेन के हमले में रूस के पांच लोग मारे गए हैं। 13 जख्मी है। घायलों में तीन बच्चे भी हैं। ध्यान देने वाली बात ये है कि कुर्स्क इलाके में हमला करने के बाद यूक्रेन ने रूस पर हमले बढ़ा दिए हैं, जिससे रूसी राष्ट्रपति पुतिन एकदम खुश नहीं है।

### एक पत्रकार भी लापता, दो जखमी

इस बीच पूर्वी दोनेत्सक के गवर्नर वादिम फिलाशिकिन ने कहा कि रविवार रात में रूसी हमले की वजह से क्रामोसोर्क का एक होटल दहल गया। इसमें दो पत्रकार जखमी हैं। तीसरा लापता है. ये ब्रिटिश, अमेरिकी और यूक्रेनी नागरिक हैं. लापता पत्रकार की खोज की जा रही है।

### सरातोव में एयर रूट बंद हुआ

यूक्रेन के हमले में रूसी बिल्डिंग का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। बिल्डिंग के नीचे खड़ी 20 से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। सरातोव यूक्रेन सीमा से 900 किमी दूर है। इस हमले के बाद सभी तरह की एयर रूट पर रोक लगा दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस पर सोमवार को 20 ड्रोन से अटैक किया गया। इनमें सबसे ज्यादा 9 सारातोव में दागे। मॉस्को के गवर्नर ने हमले का आरोप यूक्रेन पर लगाया है। यूक्रेन ने इस पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। जानकारी के मुताबिक ड्रोन यूक्रेन की तरफ से दागा गया था।



### सारातोव में है रूस का स्ट्रैटजिक बॉम्बर मिलिट्री बेस

रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेनी सेना ने सारातोव प्रांत के एंगेल्स में सबसे ऊंची बिल्डिंग को अपना निशाना बनाया। एंगेल्स में रूस का स्ट्रैटजिक बॉम्बर मिलिट्री बेस भी है। रूस-यूक्रेन जंग के शुरू होने के बाद से ही यूक्रेन कई बार इस पर हमला कर चुका है।

### 23 साल हुआ था WTC पर अलकायदा का हमला

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि एक ड्रोन तेजी से 'वोल्गा स्काई' बिल्डिंग की तरफ बढ़ रहा है और उसमें टक्कर मार देता है। 11 सितंबर 2001 को अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकियों ने इस तरीके से प्लेन क्रैश करवाए थे। आतंकियों ने 4 प्लेन हाईजैक किए थे। इनमें से 3 प्लेन एक-एक कर अमेरिका की 3 अहम इमारतों में क्रैश कराए गए। पहला क्रैश 8 बजकर 45 मिनट पर हुआ। बोइंग 767 तेज रफ्तार से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर से जा टकराया। 18 मिनट बाद एक दूसरा बोइंग 767 बिल्डिंग के साउथ टावर से जा टकराया था। जबकि एक प्लेन अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन से टकराया। चौथा प्लेन एक खेत में ही क्रैश हो गया। 9/11 हमले में 93 देशों के 3 हजार लोग मारे गए थे। इसे मानव इतिहास का सबसे भीषण आतंकी हमला माना जाता है।

भारत में शांति सम्मेलन कराना चाहता है यूक्रेन: जेलेंस्की बोले

# पीएम मोदी से बात की

**एजेंसी** | नई दिल्ली/कीव

यूक्रेन और रूस की जंग के बीच क्या भारत के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन जंग के समाधान के लिए दूसरे शांति सम्मलेन को भारत में होना चाहिए। जेलेंस्की ने इसे लेकर PM मोदी से बात भी की है। दरअसल, यूक्रेन की कोशिश है कि दूसरा शांति सम्मेलन ग्लोबल साउथ देशों में होना चाहिए।

भारतीय पत्रकारों से बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि दूसरे शांति सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत के अलावा सऊदी अरब, कतर, और तुर्किये के साथ भी बातचीत चल रही है। जेलेंस्की ने बताया कि शांति सम्मेलन उसी देश में होगा, जिसकी इसमें दिलचस्पी होगी। इससे पहले स्विट्जरलैंड में पहला यूक्रेन शांति सम्मेलन जून में आयोजित किया गया था, जिसमें रूस ने हिस्सा नहीं लिया था। अब यूक्रेन शांति के लिए अपनी शर्तों को आगे बढ़ाने और रूस के प्रतिनिधियों को इसमें शामिल करने के लिए एक बार फिर से पीस समिट कराने पर जोर दे रहा है।



### तब भारत ने नहीं किए थे हस्ताक्षर

यूक्रेन युद्ध को रोकने का रास्ता तलाशने के लिए स्विटजरलैंड में दो दिवसीय (15-16जून) शांति सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इसमें यूक्रेन ने 160 से ज्यादा देशों को आमंत्रण भेजा था मगर इसमें लगभग 90 देशों ने हिस्सा लिया था। रूस, चीन, ब्राजील समेत कुछ देशों ने इसमें हिस्सा नहीं लिया था। समिट के आखिरी दिन एक साझा बयान जारी किया गया, जिस पर 80 से अधिक देशों ने हस्ताक्षर किए। वहीं भारत, सऊदी अरब, साउथ अफ्रीका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, मेक्सिको और यूएई समेत 7 देशों ने ऐसा नहीं किया। दिलचस्प बात है कि इस साझा बयान पर रूस का पक्ष लेने वाले तुर्किये ने भी हस्ताक्षर कर दिए थे।

### पीएम मोदी ने जेलेंस्की को दिया था न्योता

रूस और यूक्रेन में ढाई साल से जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे थे। यहां राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक में मोदी ने कहा था कि, "भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है।"

अंतरिक्ष में सुनीता विलियम्स

# सुनीता को नासा देगा बड़ी जिम्मेदारी

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर जून की शुरुआत में अंतरिक्ष में गए थे। जब दोनों स्पेस में गए थे तब उन्हें यह बिल्कुल भी पता नहीं था कि उन्हें यहां 2025 तक रहना पड़ जाएगा।

हालांकि वे वहां अलग-अलग एक्टिविटी में हिस्सा ले रहे हैं। अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उन्होंने खेल खेला। बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल की पहली मानव उड़ान के लिए वह अंतरिक्ष में गए थे। उनका शुरुआती मिशन स्पेस स्टेशन के साथ जुड़ना और वहां से वापस आना था, क्योंकि मिशन छोटा था इसलिए वह अपनी सुविधाओं से जुड़ा कोई सामान भी नहीं ले गए थे।



### स्पेस क्राफ्ट में आ गई खराबी

स्पेसक्राफ्ट में खराबी के कारण वह पिछले 11 सप्ताह से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद हैं। नासा ने शनिवार को बताया है कि उनकी वापसी अब एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल से होगी। अब सवाल उठता है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री 2025 तक स्पेस में क्या करेंगे? सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर वर्तमान में स्पेस स्टेशन के आधिकारिक कर्मचारी नहीं हैं, बल्कि वह यहां एक मेहमान के रूप में आए हैं। नासा ने बताया अब उम्मीद की जा रही है कि विलियम्स और विल्मोर को एक पूर्णकालिक अभियान सदस्य बनाया जाएगा। स्पेसएक्स का क्रू-9 24 सितंबर को लॉन्च होगा, जिसमें दो अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन में पहुंचेंगे।

### अंतरिक्ष में क्या करेंगी सुनीता

विलियम्स और विल्मोर क्रू-9 और औपचारिक अभियान का हिस्सा बनेंगे। इसके बाद वह वही काम करेंगे जो बाकी क्रू मेंबर करते हैं, जैसे अंतरिक्ष स्टेशन के बाहर स्पेसवॉक करना, ISS का मेंटीनेंस और वैज्ञानिक प्रयोग करना। नासा ने पहले ही कहा था कि दोनों अंतरिक्ष यात्री इस तरह के बदलाव के लिए तैयार हैं। स्पेसएक्स का क्रू-9 एक नियमित यात्रा है। मिशन के तहत पहले चार अंतरिक्ष यात्री स्पेस में जाने वाले थे। लेकिन अब सिर्फ दो अंतरिक्ष यात्री दो खाली सीटों के साथ स्पेस में जाएंगे। क्योंकि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इसी के जरिए वापस लौटेंगे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl